23 Mar -26 page 1 22-03-26 10:39 PM Page 1


# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 23 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 89 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# जेडीयू से दूरी के बाद केसी त्यागी रालोद में शामिल

## पश्चिमी यूपी की राजनीति में नए समीकरणों की आहट

### जयंत चौधरी बोले-'यह जुड़ाव विचार और संघर्ष की राजनीति को नई दिशा देगा'








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजनीति में लंबे समय से सक्रिय रहे वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने आखिरकार राष्ट्रीय लोक दल का दामन थाम लिया। जदयू से दूरी के बाद उनका यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति नए सिरे से करवट लेती दिखाई दे रही है। त्यागी का रालोद में शामिल होना केवल एक दल परिवर्तन नहीं, बल्कि अनुभव और किसान राजनीति के पुराने विमर्श के नए पुनर्गठन के रूप में देखा जा रहा है।

रालोद की सदस्यता ग्रहण करते हुए केसी त्यागी ने साफ शब्दों में कहा कि उनका यह निर्णय किसी पद या लाभ के लिए नहीं, बल्कि विचारधारा के लिए है। उन्होंने कहा, 'मैं लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में रहा हूँ और हमेशा किसान, ग्रामीण समाज और सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्राथमिकता दी है।

आज देश की राजनीति में इन मूल्यों को फिर से मजबूती देने की जरूरत है। चौधरी चरण सिंह ने जिस किसान-आधारित राजनीति की नींव रखी थी, उसे आगे बढ़ाना समय की मांग है। रालोद उसी विचार का प्रतिनिधित्व करती है और मैं उसी सोच के साथ यहां आया हूँ।'

उन्होंने आगे कहा कि जदयू के साथ उनका व्यक्तिगत संबंध और सम्मान बना रहेगा, लेकिन सक्रिय राजनीति में अब वे किसान और ग्रामीण सरोकारों को केंद्र में रखकर काम करना चाहते हैं। इस मौके पर रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने केसी त्यागी का स्वागत करते हुए कहा कि उनका अनुभव पार्टी के लिए एक बड़ी ताकत साबित होगा। उन्होंने कहा, 'केसी त्यागी जी का हमारे साथ जुड़ना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह विचार और संघर्ष की राजनीति को नई दिशा देने वाला कदम है। आज जरूरत है कि किसानों, युवाओं और ग्रामीण समाज की आवाज को मजबूती से उठाया जाए। हम चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और त्यागी जी का अनुभव इस दिशा में हमें नई ऊर्जा देगा।'

जयंत चौधरी ने यह भी संकेत दिया कि आने वाले समय में रालोद संगठन को और विस्तार देने के साथ-साथ जमीनी मुद्दों पर अधिक आक्रामक भूमिका में दिखाई देगी। त्यागी के साथ उनके पुत्र अमरीश त्यागी ने भी रालोद की सदस्यता ग्रहण की, जिसे पार्टी के लिए संगठनात्मक विस्तार और नई पीढ़ी को जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। केसी त्यागी के साथ सैंकड़ों समर्थकों ने भी इस दौरान आरएलडी का दामन थामा लिया।

### केसी त्यागी के सुपुत्र व राजनीतिक विश्लेषक अमरीश त्यागी भी हुए शामिल

करंट क्राइम। केसी त्यागी के साथ उनके पुत्र अमरीश त्यागी का रालोद में शामिल होना पार्टी के लिए केवल पारिवारिक विस्तार नहीं, बल्कि संगठनात्मक दृष्टि से भी अहम माना जा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में युवा नेतृत्व की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी और ऐसे में अमरीश त्यागी के आने से रालोद को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि इससे पार्टी को नई पीढ़ी के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद मिल सकती है।

### क्या बनेंगे नए राजनीतिक समीकरण

करंट क्राइम। केसी त्यागी के रालोद में शामिल होने के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में नए समीकरण बनने की संभावना तेज हो गई है। किसान राजनीति और जाट वोट बैंक के पारंपरिक आधार को फिर से सक्रिय करने की कोशिशों को इससे बल मिल सकता है। साथ ही अनुभवी नेतृत्व के जुड़ने से रालोद की रणनीतिक क्षमता में भी इजाफा होगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम अन्य दलों के असंतुष्ट नेताओं को भी रालोद की ओर आकर्षित कर सकता है, जिससे आने वाले चुनावों में गठबंधन और शक्ति संतुलन के नए प्रयोग देखने को मिल सकते हैं।केसी त्यागी की रालोद में एंट्री को केवल एक नेता के दल बदल के रूप में नहीं देखा जा रहा, बल्कि इसे उत्तर प्रदेश की बदलती राजनीतिक धारा के संकेत के तौर पर माना जा रहा है। अब यह देखना अहम होगा कि यह नया समीकरण जमीन पर कितना असर दिखाता है और आने वाले चुनावी परिदृश्य को किस दिशा में ले जाता है।

# सीएम योगी ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लिया जायजा

### 28 मार्च को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन













**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने हेलीकॉप्टर से रनवे पर लैंडिंग की और पहले हवाई सर्वेक्षण किया, जिसमें निर्माण कार्य, जनसभा स्थल तथा आवागमन के रास्तों का निरीक्षण किया। इसके बाद वे पब्लिक टर्मिनल बिल्डिंग और जनसभा स्थल पर पहुंचे, जहां मौजूद अधिकारियों से एक-एक चीज की विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट के ऑफिस में गौतम बुद्ध नगर के साथ आसपास के जिलों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तावित उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा हुई। उन्होंने सभी से समन्वय बनाकर तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए, ताकि 28 मार्च को होने वाले ऐतिहासिक उद्घाटन में कोई कमी न रहे।

**पीएम मोदी करेंगे एयरपोर्ट का उद्घाटन :** यह दौरा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन से ठीक पहले की तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। मुख्यमंत्री ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों इस एयरपोर्ट के उद्घाटन से उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# गाजियाबाद कमिश्नरेट में जल्द होगा बड़ा फेरबदल

## बाहर से आने वाले अफसर रहेंगे रेस में आगे

### - तीन से चार सर्किल में होगा बदलाव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में आने वाले दिनों में एसीपी और एडीसीपी स्तर पर बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है। पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों के अनुसार, कई एसीपी अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव की तैयारी चल रही है।

माना जा रहा है कि एक से दो सर्किल में निश्चित रूप से बदलाव होगा, जबकि दो से तीन एसीपी को कमिश्नरेट से बाहर भी भेजा जा सकते हैं। वहीं एडीसीपी स्तर के अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं या उनके कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है। इस पूरे बदलाव को लेकर विभाग के भीतर मंथन तेज हो गया है और संभावित सूची पर काम जारी हो गई है।

जानकारी यह भी सामने आई है कि 28 मार्च को जेवर में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के बाद ही तबादलों और बदलाव की सूची जारी की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को एक आईपीएस और कई पीपीएस अधिकारी भी मिलने की संभावना जताई जा रही है, जिससे प्रशासनिक ढांचे को और मजबूती मिलेगी।

### पदोन्नति पर सीपी ने दी एडीसीपी को बधाई





करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हाल ही में कई पदोन्नत हुई एसीपी (महिला अपराध) सलोनी अग्रवाल और एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय को अपर पुलिस उपायुक्त एडीसीपी बनने पर सीपी जे रविंदर गौड ने बधाई दी। इस दौरान उन्होंने दोनों अधिकारियों को बैच लगाकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। पुलिस कमिश्नर ने कहा है कि दोनों अधिकारियों ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी वे अपने नए दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ करते हुए विभाग का नाम रोशन करेंगे।

# सत्ता का संरक्षण और भ्रष्टाचार, लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती: बालेश्वर त्यागी



### बेईमान और दबंग अधिकारी सबसे खतरनाक

अगर कोई अधिकारी ईमानदार नहीं है और साथ ही दबंग भी है, तो वह सामान्य अपराधी से ज्यादा खतरनाक हो जाता है क्योंकि उसे सरकारी शक्ति का संरक्षण मिलता है।

### सत्ता का संरक्षण अपराध को कई गुना बढ़ाता है

सरकारी वर्दी, पद और हथियार मिलने से गलत व्यक्ति की अन्याय करने की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है।



### राजनीति में गलत लोगों की एंट्री खतरनाक

जब गुंडे, अपराधी और भ्रष्ट लोग जनप्रतिनिधि बनते हैं, तो वे लोककल्याण नहीं बल्कि निजी साम्राज्य खड़ा करते हैं।

### भ्रष्टाचार और नौकरशाही की समस्या कायम

डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम से दलाली कम हुई है, लेकिन नौकरशाही और राजनीतिक भ्रष्टाचार अब भी बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### अच्छे परिणाम के लिए अच्छे व्यक्तियों का चयन जरूरी

राजनीति में 'चाल, चरित्र और चेहरा' का महत्व सबसे ज्यादा है—सही व्यक्ति ही सही परिणाम दे सकता है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जब मैं गृह विभाग का राज्य मंत्री था तो एक दिन एक जनपद में नियुक्त एक पुलिस इंस्पेक्टर को लेकर संगठन के दो अलग अलग प्रतिनिधि मंडल मुझसे आकर मिले। एक ने कहा कि इस इंस्पेक्टर ने गदर मचा रखा है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है। इसका तत्काल हटना आवश्यक है। दूसरे प्रतिनिधि मंडल का कहना था कि ये बहुत दबंग इंस्पेक्टर है। इसके कारण गुंडे डरे रहते हैं। कानून व्यवस्था के लिए इसका जिले में रहना बहुत आवश्यक है।

मैने प्रतिनिधि मंडल से पूछा कि क्या ये बेईमान भी है? उन्होंने कहा कि हां ये रिश्वत तो लेता है लेकिन अपराधियों पर कहर बनकर टूटता है। मैंने कहा कि अगर यह बेईमान है और साहसी ( दुसाहसी ) भी है तो यह किसी डाकू से ज्यादा खतरनाक है। डाकू बड़े दुस्साहसी होते हैं, दूसरे का माल लूटने के लिए उसके घर पर धावा बोलते हैं और अगर वे किसी को उस लूट में बाधा समझते हैं तो उसे मारने में जरा भी संकोच नहीं करते। उनके मन में जरा भी दया नहीं होती। जो बेईमान है, लुटेरा है, दूसरे की संपति पर बुरी नजर रखता है तो उसके लिए किसी भी सीमा तक गिर सकता है। साथ ही अगर उसके पास सरकारी वर्दी है और सरकारी रिवॉल्वर है तो उसकी लूट की क्षमता कई गुणा बढ़ जाती है। उसके दुस्साहस में भी वृद्धि होती है और संरक्षण भी मिल जाता है। इसलिए अगर कोई इंस्पेक्टर बहादुर भी है और बेईमान भी है तो वह सामान्य इंस्पेक्टर से ज्यादा खतरनाक है।

जब गुंडे अपराधी लुटेरे राजनीति में स्थान पाते हैं तो वो कोई अच्छा काम नहीं कर सकते। आप पीतल के बर्तन में नीबू की शिकंजी को सुरक्षित नहीं रख सकते हैं। किसी वस्तु को संरक्षित करने के लिए पात्र का भी महत्व है। जैसे पवित्र साध्य के लिए साधन की पवित्रता भी आवश्यक है, वैसे ही लोक कल्याण के कार्यों के लिए श्रेष्ठ जनप्रतिनिधियों का चयन आवश्यक है। जब गलत व्यक्ति राजनीति में जनप्रतिनिधि बन कर सत्ता का संरक्षण पा लेता है तो उसके जुल्म करने की शक्ति में कई गुणा वृद्धि हो जाती है। उत्तर प्रदेश और बिहार में कई ऐसे नेताओं के उदाहरण सबके सामने हैं जिन्होंने सत्ता के संरक्षण में न केवल आम आदमी पर अत्याचार किया बल्कि अपना आर्थिक साम्राज्य भी खड़ा कर लिया। अपराध के साथ भ्रष्टाचार भी एक बड़ा माध्यम है जिससे लोगों की अन्याय और अत्याचार करने की क्षमता में असीमित वृद्धि होती है। बहुत बड़ी संख्या में राजनीति में भ्रष्टाचार आम लोगों के हितों को खा जा रहा है। ये बात ठीक है कि वर्तमान सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम जैसे माध्यमों से दलाली पर बड़ा अंकुश लगाया है लेकिन नौकरशाही और राजनेताओं के भ्रष्टाचार पर अभी अंकुश नहीं लगे हैं। नौकरशाही में राजनैतिक हस्तक्षेप रोकने के नाम पर नौकरशाही में स्वेच्छाचारिता बढ़ी है। आम लोगों को प्रताड़ित करने के अवसर बढ़े हैं इसलिए भ्रष्टाचार के अवसरों में वृद्धि हुई है। ऐसे ही जीत सुनिश्चित करने के प्रयासों ने राजनीति में गुंडे अपराधी भ्रष्टाचारियों की संख्या बढ़ी है। ऐसे जनप्रतिनिधियों से किसी अच्छे परिणाम की अपेक्षा बेमानी है। सरकारी कामों में कमीशन बढ़ा है। जिन कार्यों में जनप्रतिनिधियों की कोई भूमिका नहीं है, उन क्षेत्रों में भी शिकायत करने के उनके अधिकार के कारण अवैध वसूली के अवसर बढ़े हैं। उदाहरण के तौर पर विकास प्राधिकरणों के क्षेत्रों में अवैध निर्माण में पुलिस के साथ साथ जनप्रतिनिधियों का भी हिस्सा हो गया है। बड़े बड़े जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में शहरी क्षेत्रों में अवैध कॉलोनाइजेशन हो रहा है। कानून के लंबे हाथ होने के दावे केवल फिल्मी डायलॉग तक सीमित होते जा रहे हैं।

भाजपा के लिए ये चुनौतियां हैं। भाजपा जनप्रतिनिधियों के चयन के समय चाल चरित्र और चेहरे के महत्व की बात करती रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री लालकृष्ण आडवाणी जी का पार्टी विद ए डिफरेंस पर बड़ा बल रहा है। मुझे याद है जब उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार थी तो आडवाणी जी ने मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को निर्देशित किया था कि वे अपनी सम्पत्ति का विवरण उनके कार्यालय में जमा करें। राजनीति की वर्तमान चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए भाजपा को अपने निर्णयों को डाइल्यूट करने की आवश्यकता नहीं है। सारा देश स्वीकार करता है कि नरेंद्र मोदी की ईमानदारी उनके कार्यकाल के सारे कार्यों पर भारी है। भाजपा को भी अपने इस व्यवस्था में कुछ डाइल्यूशन की आवश्यकता नहीं है।अच्छा व्यक्ति ही अच्छा परिणाम दे सकता है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
02 | सोमवार • 23 मार्च -2026





# पीएम मोदी ने रचा इतिहास: भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बने

**रचा इतिहास**

**गुजरात के लंबे समय तक सीएम रहे, फिर बने पीएम**
**पीएम मोदी ने अपने सफर को किया याद**



**नई दिल्ली।** भारत की राजनीति में एक बड़ा इतिहास रचते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब देश के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बन गए हैं। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। देखा जाए तो यह उपलब्धि केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि दशकों तक लगातार नेतृत्व, जनसमर्थन और राजनीतिक स्थिरता की कहानी भी है। पीएम मोदी अब तक कुल 8931 दिन सरकार के मुखिया (हेड ऑफ गवर्नमेंट) के रूप में काम कर चुके हैं।

इसमें उनका गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल शामिल है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पवन कुमार चामलिंग के नाम था, जिन्होंने 8930 दिन तक सिक्किम के मुख्यमंत्री के तौर पर यह जिम्मेदारी संभाली थी। पीएम मोदी की यह उपलब्धि भारत के राजनीतिक इतिहास में एक बड़ा मील का पत्थर मानी जा रही है।

बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 7 अक्तूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वह लंबे समय तक इस पद पर बने रहे और अपने कार्यकाल में कभी चुनाव नहीं हारे। साल 2014 में प्रधानमंत्री पद के लिए नाम सामने आने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। गुजरात के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने 2014 में लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल कर प्रधानमंत्री पद संभाला। इसके बाद 2019 और 2024 में भी उन्होंने लगातार जीत दर्ज की। खास बात यह है कि अपने पूरे राजनीतिक करियर में उन्होंने अब तक कोई बड़ा चुनाव नहीं हारा है।

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक पीएम मोदी ने अपने सफर को याद करते हुए बताया कि जब उन्होंने 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में काम शुरू किया, तब राज्य कई बड़ी मुश्किलों से गुजर रहा था। गुजरात भूकंप, चक्रवात, सूखा और राजनीतिक अस्थिरता जैसी समस्याओं से जूझ रहा था।

उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों ने उन्हें और मजबूत बनाया और उन्होंने राज्य को आगे बढ़ाने के लिए पूरी ताकत लगा दी। उन्होंने अपनी मां की एक सीख का भी जिक्र किया, गरीबों के लिए काम करना और कभी रिश्वत न लेना, जैसी सीख को उन्होंने अपने जीवन का मार्गदर्शन बताया।

## शत्रुघ्न सिन्हा का दावा- ममता का कोई मुकाबला नहीं

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नेतृत्व क्षमता और टीएमसी का प्रभुत्व बंगाल में बेजोड़ है और राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले कोई मुकाबला नहीं है। सांसद ने मीडिया से बातचीत में कहा जब बंगाल की प्रतिष्ठा की बात आती है, तो जनता एकजुट रहती है और जानती है कि ममता बनर्जी बंगाल की मां, बहन और बेटी हैं। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे पहला 23 अप्रैल और दूसरा 29 अप्रैल। दोनों चरणों की मतगणना 4 मई को होगी। पहले चरण में 152 विधानसभा सीटें शामिल हैं, जबकि दूसरे चरण में 142 सीटें।



# सीएम योगी ने नर्सिंग अफसरों को दिए नियुक्ति पत्र बोले- इस क्षेत्र में पढ़ाई करने वालों की मांग हमेशा रहती

**नियुक्ति पत्र**

**सीएम ने कहा कि पहले माफिया और सरकार पैरलल चलते थे। आज माफिया का सिस्टम खत्म हुआ है**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 492 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। बाकी, 736 अभ्यर्थियों को 13 राजकीय मेडिकल कॉलेजों और दो चिकित्सा संस्थानों में आयोजित लाइव कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र दिए गए। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लोकभवन में आयोजित हुआ।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा नर्सिंग क्षेत्र ऐसा है, जहां पूरी गारंटी है, कि आपने इस क्षेत्र में पढ़ाई की है तो नौकरी मिलेगी है। इनकी डिमांड सिर्फ यूपी या भारत ही नहीं विदेशों में भी है। पिछले 9 वर्ष में यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। 2017 से पहले नियुक्ति जो जाती थी, लेकिन डॉक्टर अस्पताल जाएं या ना जाएं, मरीजों को इलाज मिले या न मिले, किसी से कोई मतलब नहीं होता था। अब व्यवस्थाएं बदली हैं।

**डबल इंजन की सरकार ने हेल्थ केयर को प्राथमिकता पर लिया :** उन्होंने कहा कि जो एएनएम-जीएनएम कॉलेज पिछली सरकारों में बंद हो चुके थे, उन्हें हमने शुरू किया। 35 एएनएम कॉलेज और 31 नर्सिंग कॉलेज बेहतर किए गए। प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने हेल्थ केयर को प्राथमिकता पर लिया। पहले सब कुछ भगवान भरोसे चल रहा था। आज 14 करोड़ 28 लाख आभा आईकार्ड जारी किए गए हैं। 976 सीएचसी में टेली मेडिसिन की सुविधा दी जा रही है।

**हमने एक जिला एक मेडिकल कॉलेज दिया :** सीएम ने कहा कि पहले माफिया और सरकार पैरलल चलते थे। लेकिन, आज माफिया का सिस्टम खत्म हुआ है। हमने एक जिला एक मेडिकल कॉलेज दिया है।

# कांग्रेस का पुराना गढ़ कैसे बना ममता बनर्जी का अभेद्य किला



**हॉट सीट**

**कैसा है भवानीपुर की हॉट सीट का इतिहास**
**2011 में नई भवानीपुर सीट पर पहली बार चुनाव हुए**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति के बदलते दौर में भवानीपुर सीट का अपना एक खास महत्व रहा है। यह सीट राज्य में सत्ता परिवर्तन की सबसे बड़ी गवाह रही है। भवानीपुर सीट दक्षिण कोलकाता में स्थित है। आज इसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का राजनीतिक किला माना जाता है। लेकिन हमेशा ऐसा नहीं था। आजादी के बाद कई दशकों तक यहां कांग्रेस का राज रहा।

भवानीपुर सीट से राज्य के कई बड़े नेताओं का नाता रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर राय ने यहां से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। बाद में उन्होंने निर्दलीय चुनाव भी जीता। मीरा दत्ता गुप्ता और रथिन तालुकदार जैसे दिग्गज कांग्रेसी नेताओं ने भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। लंबे समय तक यह सीट कांग्रेस का शहरी गढ़ बनी रही।

वर्षों तक यह निर्वाचन क्षेत्र पूरी तरह से कांग्रेस के प्रभाव क्षेत्र में रहा। वामपंथी दल केवल 1969 में इसे कुछ समय के लिए भेद पाए, जब इस सीट का नाम बदलकर कालीघाट निर्वाचन क्षेत्र कर दिया गया था। सीपीआई(एम) नेता साधन गुप्ता, जो 1953 में भारत के पहले दृष्टिबाधित सांसद बने थे, उन्होंने बांग्ला कांग्रेस और सीपीआई(एम) की दूसरी संयुक्त मोर्चा सरकार के दौरान यह सीट जीती थी।

**सीट के गायब होना के बाद हुई वापसी :** 1972 में परिसीमन के बाद भवानीपुर सीट चुनावी नक्शे से गायब हो गई थी। लगभग 40 वर्षों तक यह सीट अस्तित्व में नहीं रही। साल 2011 में जब दोबारा परिसीमन हुआ, तब यह सीट फिर से बनी। यह वही समय था जब बंगाल में 34 साल पुराने वामपंथी शासन का अंत हो रहा था।

**टीएमसी का उदय :** 2011 में नई भवानीपुर सीट पर पहली बार चुनाव हुए। ममता बनर्जी ने अपने करीबी सुब्रत बख्शी को यहां से मैदान में उतारा। बख्शी ने माकपा के नारायण जैन को करीब 50,000 वोटों से हराया। उन्हें कुल 64 प्रतिशत वोट मिले। इसके तुरंत बाद बख्शी ने यह सीट खाली कर दी। मुख्यमंत्री बनने के बाद ममता बनर्जी ने यहां से उपचुनाव लड़ा। उन्होंने माकपा की नंदिनी मुखर्जी को 54,000 से ज्यादा वोटों से हराकर अपनी जीत दर्ज की। इस चुनाव में ममता को 77 प्रतिशत वोट मिले थे।

**2016 और 2021 के दिलचस्प मुकाबले :** 2016 के चुनाव में कांग्रेस और वामपंथियों ने गठबंधन किया। उन्होंने ममता बनर्जी के खिलाफ दीपा दासमुंशी को उतारा। इस मुकाबले को 'दीदी बनाम बौदी' कहा गया। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने 65,520 वोट पाकर बड़ी जीत हासिल की। जबकि दासमुंशी को 40,219 वोट मिले वहीं भाजपा के चंद्र कुमार बोस 26,000 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

2021 के चुनाव में ममता बनर्जी नंदीग्राम से चुनाव लड़ने चली गईं। भवानीपुर से टीएमसी के शोभनदेव चट्टोपाध्याय जीते। उन्होंने भाजपा के रुद्रनील घोष को 28,000 वोटों से हराया।

# मणिपुर में जगी शांति की उम्मीद, हिंसा के बीच पहली बार बातचीत की मेज पर आए सरकार और कुकी समुदाय



**इम्फाल।** मणिपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है। बीते करीब तीन वर्ष से जारी जातीय संघर्ष के बीच राज्य के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने शनिवार शाम गुवाहाटी में कुकी-जो काउंसिल के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ घंटों तक बैठक की। बंद कमरे में चली इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

मई 2023 में भड़की हिंसा के बाद यह पहला मौका है जब मणिपुर सरकार के मुखिया और कुकी-जो समुदाय के शीर्ष नेतृत्व के बीच आमने-सामने बैठकर बातचीत हुई है। लगभग पौने दो घंटे तक चली इस बातचीत ने अशांति की जमी हुई बर्फ को पिघलाने का काम किया है।

**शांति की ओर पहला कदम :** रविवार को कुकी समुदाय की ओर से जारी बयान में इस बात की पुष्टि हुई है। काउंसिल ने इसे औपचारिक संवाद की शुरूआत बताया है। हालांकि, बैठक में किसी ठोस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुए। फिर भी मणिपुर की राजनीति को करीब से समझने वाले लोगों का मानना है कि दोनों पक्षों का एक मेज पर बैठना ही अपने आप में एक बड़ी कूटनीतिक जीत है।

**कुकी समुदाय की शर्तें :** बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक के दौरान कुकी-जो प्रतिनिधिमंडल ने बेहद सख्त रुख अपनाया। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने कुछ प्रमुख मांगें रखीं। कुकी समुदाय के नेताओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि संघर्ष के दौरान जान-माल गंवाने वाले पीड़ितों को न्याय मिलना किसी भी शांति प्रक्रिया की पहली अनिवार्य शर्त है।

इसके अलावा कुकी नेताओं ने कहा कि हाल के दिनों में कुकी और तांगखुल समुदायों के बीच बढ़े तनाव को तत्काल कम करने की आवश्यकता है। जब तक कोई अंतिम राजनीतिक समाधान नहीं निकल जाता, तब तक दोनों समुदायों के बीच बने 'बफर जोन' की यथास्थिति बरकरार रखी जाए। उग्रवादी समूहों के साथ जारी सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस वार्ता को जल्द तार्किक अंजाम तक पहुंचाया जाए ताकि क्षेत्र

## सिक्किम में भूकंप के हल्के झटके




**सिक्किम।** सिक्किम में शनिवार रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र मंगन जिले में जमीन से 14 किलोमीटर नीचे था।

यह झटके रात करीब 8 बजकर 41 मिनट पर आए। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि इस भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, झटके महसूस होने के बाद लोग कुछ समय के लिए डर गए थे। प्रशासन ने स्थानीय लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। साथ ही सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

# असम में टीएमसी की दूसरी लिस्ट जारी कांग्रेस के बागी विधायक को भी दिया टिकट

**विस चुनाव**

**अब तक टीएमसी ने कुल 17 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं**

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में सात उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पार्टी ने कांग्रेस के विधायक शेरमन अली अहमद को मंडिया सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही टीएमसी ने एक बड़ा फैसला लेते हुए अपने प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुलू अहमद का नाम वापस ले लिया है। दुलू अहमद को चमारिया सीट से टिकट मिला था।

अब तक टीएमसी ने कुल 17 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। पहली सूची में 11 नाम थे। इसमें शेरमन अली अहमद का मामला काफी चर्चा में है। वह कांग्रेस से विधायक रहे हैं, लेकिन अनुशासनहीनता के कारण उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस महीने की शुरूआत में वह राइजोर दल में शामिल हुए थे। राइजोर दल विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है। जब राइजोर दल ने उन्हें टिकट नहीं दिया, तो वह टीएमसी में शामिल हो गए।

दूसरी सूची में शामिल अन्य नाम इस प्रकार हैं: हाजो से सुआलकुची से रोजी अहमद, गुवाहाटी सेंट्रल से अभिजीत मजूमदार, चबुआ-लाहोवाल से इनुस कुमार कंदन, मरियानी से परेश बोरा, करीमगंज उत्तर से परिमल रंजन रॉय और करीमगंज दक्षिण से अजीज अहमद खान को टिकट मिला है। पहली सूची में पार्टी ने उदंगश्री नरजारी (कोकराझार), मोमिनुल इस्लाम (बिलासीपारा), कौशिक रंजन दास (अभयापुरी)।

# मायावती की अपील- चुनाव से पहले दिए जाने वाले लालच से बचे बहुजन समाज

**बैठक**

**बसपा सुप्रीमो ने मध्य प्रदेश, बिहार से आए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की**



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को लखनऊ में मध्य प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ से आए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ बैठक की और पूर्व बैठक में दिए गए उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुजन समाज को अपनी अस्मिता और सत्ता में आने के लिए एकजुट होना जरूरी है साथ ही चुनाव से पहले दिए जाने वाले प्रलोभनों से बचने की जरूरत है नहीं तो चुनाव बाद आने वाले दिन उनके लिए 'बुरे दिन' बन जाएंगे।

उन्होंने कहा कि बसपा ने यूपी जैसे विशाल, महत्वपूर्ण व संवेदनशील राज्य में एक बार नहीं बल्कि अब तक चार बार सरकार चलाकर सर्वसमाज के जान, माल व मजहब के सुरक्षा की संवैधानिक गारंटी को कानून द्वारा कानून का राज स्थापित करके दिखाया है जो कि देश में किसी भी पार्टी की सरकार में देखने-सुनने को नहीं मिलता है।

इसके पहले मायावती ने 15 मार्च को बसपा संस्थापक कांशीराम का जन्मदिन धूमधाम से मनाए जाने पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और साथ ही आगामी 15 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती भी बसपा के मिशनरी उद्देश्यों के साथ मनाने की अपील की है।

## आंध्र प्रदेश में दूध में मिलावट के मामले में मृतकों की संख्या 16 हुई

**गोदावरी।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में मिलावटी दूध पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। जबकि राजामहेंद्रवरम के अस्पतालों में अभी 3 लोगों का इलाज चल रहा है। यह मामला फरवरी के बीच में शुरू हुआ था। मामले में लालचेरुवु इलाके में दूध पीने के बाद लोगों को उल्टियां, पेट दर्द और किडनी की गंभीर समस्या होने लगी थी। लैब की जांच में पता चला कि दूध में इथिलीन ग्लाइकॉल नाम का जहरीला पदार्थ था। इसकी वजह से लोगों की किडनी और शरीर के दूसरे अंगों ने काम करना बंद कर दिया। यह दूध कोरुकोंडा मंडल के नरसपुरम गांव की एक डेयरी से 100 से ज्यादा परिवारों को भेजा गया था। प्रशासन ने तुरंत इस डेयरी से दूध की सप्लाई रुकवा दी है।

16 फरवरी से 21 मार्च के बीच कुल 20 लोग अस्पताल में भर्ती हुए। इनमें से 16 की मौत हो गई, जबकि एक मरीज ठीक होकर घर जा चुका है। मृतको में बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित इलाकों में मेडिकल कैंप लगाए हैं।

# जेलों में क्षमता से ज्यादा कैदी क्यों? सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से मांगा पाई-पाई का हिसाब

**सख्ती**

**अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जेल-वार डेटा मांगा**



**नई दिल्ली।** देश की जेलों में कैदियों की नारकीय स्थिति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार किया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने एक बड़ा आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 18 मई तक अपनी जेलों का ब्यौरा पेश करें, यानी अदालत ने सभी राज्यों से पाई-पाई का हिसाब मांग लिया है।

शीर्ष अदालत ने साफ-साफ कहा है कि अब पुराने आंकड़ों से काम नहीं चलेगा। राज्यों को 1 मार्च 2026 तक की स्थिति के आधार पर यह बताना होगा कि उनकी जेलों में कुल कितने कैदी हैं। इतना ही नहीं, राज्यों को यह भी बताना होगा कि जेलों में कितने कैदी रह सकते हैं और अभी कितने कैदियों को रखा गया है।

**सिर्फ आंकड़े नहीं, समाधान भी चाहिए :** सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से केवल संख्या नहीं पूछी है, बल्कि यह भी पूछा है कि जेलों में बढ़ती भीड़ को कम करने के लिए प्रशासन ने अब तक क्या ठोस कदम उठाए हैं? अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जेल-वार डेटा मांगा है। इससे यह पता चलेगा कि किस जेल में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं।

**महिला कैदियों और बच्चों पर विशेष ध्यान :** सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में यह भी कहा है कि राज्य अपनी रिपोर्ट में बताएं कि महिला कैदियों के लिए उपलब्ध सुविधाएं कैसी हैं? इतना ही नहीं, कैदी मां के साथ जेल में रहने को मजबूर बच्चों के भविष्य और शिक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए हैं? अदालत का कहना है कि इन बच्चों का स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा किसी भी हाल में प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

जेलों में बढ़ते अपराध के पीछे अक्सर सुरक्षाकर्मियों की कमी एक बड़ा कारण होती है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से जेल स्टाफ की संख्या और वर्तमान में खाली पड़े पदों का ब्यौरा भी मांगा है। राज्यों को यह भी बताना होगा कि इन रिक्तियों को भरने के लिए वे क्या प्रक्रिया अपना रहे हैं।

# एयर इंडिया की वित्तीय सेहत पर मंडराया खतरा

**युद्ध का असर**

**2500 उड़ानें रद्द, आसमान में ब्लैकआउट जैसी स्थिति!**




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष ने भारतीय विमानन क्षेत्र की कमर तोड़नी शुरू कर दी है। इस बीच एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने अपने कर्मचारियों को चेतावनी दे डाली है। कैंपबेल विल्सन ने कहा कि युद्ध का असली वित्तीय झटका अभी लगना बाकी है। उन्होंने साफ कहा कि अब समय आ गया है जब कंपनी को फालतू के खर्चों पर लगाम लगानी होगी।

पिछले 22 दिनों से पश्चिम एशिया में जंग के हालात हैं। इस वजह से इन इलाकों से गुजरने वाले विमानों को या तो डायवर्ट किया जा रहा है या फिर रद्द करना पड़ रहा है। विल्सन ने कहा कि युद्ध शुरू होने के महज तीन हफ्तों के भीतर एयर इंडिया को मिडिल ईस्ट जाने वाली अपनी लगभग 2,500 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। फिलहाल एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस इस क्षेत्र में अपनी क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही परिचालन कर पा रहे हैं। कई देशों के हवाई क्षेत्र या तो पूरी तरह बंद हैं या फिर इतने असुरक्षित हैं कि वहां विमान ले जाना खतरे से खाली नहीं है।

**लंबा रास्ता महंगा ईंधन :** इस युद्ध की मार केवल मिडिल ईस्ट की उड़ानों तक सीमित नहीं है। ब्रिटेन, यूरोप और उत्तरी अमेरिका जाने वाली एयर इंडिया की उड़ानें अब बहुत लंबे और घुमावदार रास्तों से गुजर रही हैं। हवाई क्षेत्र पर पाबंदी की वजह से विमानों को डायवर्ट करना पड़ रहा है। इससे ईंधन की खपत में भी भारी इजाफा हुआ है। एयर इंडिया के सीईओ विल्सन ने कहा कि बाजार में कच्चे तेल और जेट ईंधन की कीमतें दोगुनी से ज्यादा हो चुकी हैं। हालांकि, इसका पूरा वित्तीय असर कंपनी के बैलेंस शीट पर अगले महीने से दिखना शुरू होगा।

**यात्रियों की जेब पर बोझ :** संकट को देखते हुए एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंडिगो और अकासा एयर ने टिकटों पर फ्यूल सरचार्ज लगाना शुरू कर दिया है। एयर इंडिया के सीईओ विल्सन ने कहा कि हर यात्री बढ़े हुए किराए देने को तैयार नहीं होते। हम एक सीमा तक ही कीमतें बढ़ा सकते हैं, उसके बाद लोग यात्रा करना बंद कर देंगे।

# बंगलूरू में दो भीषण सड़क हादसे तीन महिलाओं समेत छह की मौत

**बंगलूरू।** बंगलूरू के बाहरी इलाकों में 21 मार्च की देर रात दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। इन दर्दनाक घटनाओं में तीन महिलाओं समेत कुल छह लोगों की जान चली गई। पुलिस ने रविवार को इन हादसों की जानकारी साझा की है।

**कैसे हुआ हादसा? :** पहला हादसा देवनहल्ली के पास रानी क्रॉस पर हुआ। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो ट्रैवलर को जोरदार टक्कर मार दी। इस गाड़ी में तुमकुरु जिले के तिप्तूर से आए 12 लोग सवार थे। ये सभी लोग काशी की धार्मिक यात्रा पर जाने के लिए एयरपोर्ट जा रहे थे। हादसा उस समय हुआ जब टेंपो ट्रैवलर सही सर्विस रोड पर मुड़ने की कोशिश कर रहा था।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो ट्रैवलर के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें से दो महिलाओं की उम्र करीब 60 साल और एक की उम्र 38 साल थी। इस घटना में एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसे बेहतर इलाज के लिए बंगलूरू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि ड्राइवर और अन्य घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है।




**एक अन्य मामले में तीन लोगों की मौत :** दूसरा हादसा मेदाहल्ली के पास हुआ। यहां एक छोटा मालवाहक वाहन (मिनी गुड्स व्हीकल) सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराया। ट्रक का टायर पंचर हो गया था, इसलिए उसे किनारे खड़ा किया गया था। इस टक्कर में मालवाहक वाहन पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें सवार तीन पुरुषों की मौत हो गई। पुलिस ने इन दोनों घटनाओं के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

## एटीएफ की कीमतों में वृद्धि का असर 1 अप्रैल से दिखेगा-राम मोहन नायडू

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि एटीएफ (एविएशन टरबाइन फ्यूल) की बढ़ी हुई कीमतों का असर 1 अप्रैल से दिख सकता है। मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा एटीएफ की कीमतें हर महीने की पहली तारीख को तय की जाती हैं। इसका असर संभवतः 1 अप्रैल से नजर आएगा।



उन्होंने यह भी जोर दिया कि सुरक्षा और सुचारू संचालन प्राथमिकता है और मंत्रालय एयरलाइंस से फीडबैक ले रहा है। नायडू ने कहा कि मंत्रालय, विदेश विभाग और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि वृद्धि का असर संचालन या यात्रियों पर न पड़े।

# भाजपा ने केरल में तीसरा विकल्प बनने के लिए झोंकी पूरी ताकत



**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा वामदलों के गढ़ केरल में एक नया राजनीतिक विकल्प बनकर उभरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही।

यही वजह है कि शनिवार को विभिन्न सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामांकन के दौरान राजस्थान व गुजरात के मुख्यमंत्रियों को उतारकर अपना दम दिखाया।

दरअसल, भाजपा 2024 में लोकसभा चुनाव में त्रिशूर सीट पर जीत के साथ खाता खुलने और फिर पिछले साल दिसंबर में निकाय चुनाव में अपने प्रदर्शन से खासी उत्साहित है।

भाजपा केरल में सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन एलडीएफ और कांग्रेस-नीत विपक्षी गठबंधन यूडीएफ का विकल्प बनना चाहती है। खुद प्रधानमंत्री ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की जीत को राजनीतिक परिदृश्य में मील का पत्थर बताया था। उन्होंने कहा था कि इस जीत ने केरल में भाजपा की जीत की नींव रख दी है। उन्होंने जनवरी में केरल में एक जनसभा में यह भी कहा था कि अब एक तीसरा विकल्प मौजूद है जो विकास और सुशासन को प्राथमिकता देता है। भाजपा राज्य में तीसरा विकल्प बनने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है।

23 Mar -26 page 3 22-03-26 10:38 PM Page 1


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...







## समाजवादी सर्वे के बाद किन चेहरों पर हुई है हाईकमान में चर्चा, इन्हीं चेहरों में से भरेगा कोई चुनावी पर्चा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव से पहले भाजपा पूरी तरह से चुनावी मोड में है और यहां अगर संघर्ष के साथ कोई रोड पर है तो वो समाजवादी पार्टी है। संघर्ष बड़ा या छोटा हो सकता है लेकिन समाजवादी संघर्ष को जनता देख रही है। हाउस टैक्स का मामला हुआ तो समाजवादी नेताओं ने नगर निगम पर प्रदर्शन किया। समाजवादी नेता जनमुददों को लेकर जनता के बीच में हैं। समाजवादी पार्टी अपनीचुनावी रणनीति में इस बार वेस्ट यूपी को फोकस में लेकर चल रही है। समाजवादी हाईकमान ये मानकर चल रहा है कि अगर यहां कुछ जिलों में एक्ट्रा मेहनत की जाये तो यहां नतीजे सुखद आ सकते हैं। वो ये मानकर चल रहे हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासी जमीन में समाजवादी साईकिल को माईलेज मिल सकता है। यहीं वजह है कि समाजवादी पार्टी वेस्ट यूपी में चुनावी टंकार मुज्फरनगर या सहारनपुर से नहीं बल्कि एनसीआर से देना चाहती है। उसका एक सम्मेलन ग्रेटर नोएडा में होने जा रहा है। इसमें खुद अखिलेश यादव आयेंगे। समाजवादी पार्टी यहां चुनाव चेहरों को लेकर अपनी पार्टी के नेताओं की रिपोर्ट के अलावा अब प्रोफेशनल सेवायें भी दे रहीहै। सूत्र बताते हैं कि समाजवादी पार्टी ने सर्वे करने वाली निजी एजेंसी की मदद ली है। इस एजेंसी ने अपना सर्वे किया है। वहीं दूसरी तरफ सपा के फ्रंटल ऑर्गेनाईजेशन का भी सर्वे चल रहा है। माना ये जाता है कि समाजवादी हाईकमान दोनों सर्वे की रिपोर्ट को आपस में टैली करेगा। इससे ये भी पता चल जायेगा कि संगठन वालों ने मानकों पर कोई सर्वे किया है या कुछ चेहरों पर सर्वे वाली कृपा हो गयी है। सूत्र बताते हैं कि समाजवादी सर्वे में गाजियाबाद के कई चेहरे ऊभर कर सामने आये हैं। कई चेहरे ऐसे हैं जो सर्वे के पहले राउन्ड में फेल हो गये हैं। कई चेहरे ऐसे हैं जो सर्वे की रिपोर्ट में पास हो गये हैं। सर्वे में जिन समाजवादियों ने अच्छे अंक लाकर ये परिक्षा पास की है उन्हें विधानसभाचुनाव 2027 का पर्चा भरने का मौका मिल सकता है। इस कड़ी में कई नाम हैं और ऐसा नहीं है कि केवल ईडीए को ही सपा आधार बनाकर चल रही है। सर्वे रिपोर्ट में नेताओं की व्यक्तिगत छवि, उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा के अलावा राजनीतिक सक्रियाता का भी मानक माना गया है। हालाकि समाजवादी पार्टी पार्टी स्तर पर भी सर्वे करा रही है और वो निजी कंपनी से भी सर्वे करा रही है। सूत्र बताते हैं कि पहले राउन्ड का सर्वे पूरा हो चुका है। इस सर्वे में जमीनी नेताओं की भी कार्यशैली लिखि गयी है और बतायाये भी जाता है कि समाजवादी पार्टी यहां किसी भी पैराशूट एंट्री को ग्रीन सिगनल नहीं देने जा रही है। समाजवादी सर्वें में सपा के कई चेहरों ने बड़ी आसानी से ये परीक्षा पास की है। वहीं कई चेहरे इस परीक्षा में फेल हो गये हैं। अब पार्टी इन चेहरों को लेकर काम कर रही है। सर्वे के पहले राउन्ड की रिपोर्ट हाईकमान के पास जा चुकी है।

### ईडीए को बनायेगी बेस या सवर्ण भी रहेंगे फेस

करंट क्राइम। विपक्षी तेवरों की बात करें तो इसमें काई दोराय नहीं है कि यूपी के भीतर पूर्वांचल से लेकर पिश्चमांचल तक समाजवादियों की रफ्तार बढ़ी है। साईकिल वाला दल मैदान में है और वो चुनावी रण को लेकर गम्भीर नजर आ रहा है। एक एक सीट को लेकर सर्वे है और इस सर्वे रिपोर्ट के बाद ही वो ये तय करेंगे कि सीट पर कौन सी बिरादरी का समीकरण सटीक बैठेगा। क्या यहां सपा अपने चुनावी फ्रेम में ईडीए को बेस बनाकर चलेगी या फिर वो चुनावी रण में किसी सवर्ण को भी चुनावी फेस बनायेगी। सूत्र बताते हैं कि हाल फिलहाल की घटनाओं के बाद सपा में ये भी चिंतन हुआ है कि स्वर्ण वर्ग की नाराजगी का पॉलिटिकल माईलेज किस तरह से मिल सकता है। ऐसे में गाजियाबाद की बात करें तो यहां वैश्य चेहरे नई ईबारत लिख सकते हैं। यहां पिछला उदाहरण देकर बताया जा रहा है कि किस तरह से वैश्य चेहरे के रूप में आकर सुरेन्द्र गोयल ने यहां भाजपा का पहले विधानसभा का किला ध्वस्त किया था और फिर लोकसभा का दुर्ग ध्वस्त कर दिया था। फिलहाल अभी दूसरे सर्वे की रिपोर्ट के बाद सपा यहां चेहरों पर कन्सीडर करेगी।



## 28 मार्च को पीएम रैली में पहुंचेंगे गाजियाबाद के भी भाजपाई 300 बसों में सवार होकर पहुंचेंगे महानगर के कार्यकर्ता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को जेवर में बनाये गये नोएडा इंटरनेशनल एयर पोर्ट का उद्घाटन करेंगे।

उद्घाटन कार्यक्रम की समीक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जेवर एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। एक एक बिंदू पर समीक्षा की। जेवर की इस रैली में गाजियाबाद से हजारों की संख्या में भाजपाई पहुंचेंगे। समीक्षा बैठक में गाजियाबाद से साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, राज्यमंत्री स्वतंत्रप्रभार नरेन्द्र कश्यप, नोएडा सांसद महेश शर्मा और भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

रैली को लेकर गाजियाबाद के भाजपा संगठन को भी निर्देश दिया गया है। महानगर से 300 बसें 28 मार्च को नोएडा के लिए रवानाहोंगी। 300 बसों में सवार होकर गाजियाबाद महानगर के भाजपाई प्रधानमंत्री की जनसभा में पहुंचेंगे। महानगर में इसके लिए तैयारी शुरू हो गयी है। महानगर में 300 बसों का टारगेट रखा गया है। आसपास के जिलों से भी यहां बड़ा संख्या में लोग पहुंचेंगे। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक की।





## वर्ग प्रशिक्षण शिविर में गूंजा जब नेता जी की दरियादिली का तराना शिविर के देवतुल्यों के लिए नेता जी ने तैयार कराया देसी घी का खाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसी भी कार्यक्रम की सफलता में तीन बिंदु अहम होते हैं। कार्यक्रम का आयोजन अहम होता है, कार्यक्रम का संयोजन अहम होता है और कार्यक्रम का भोजन भी सबसे अहम होता है। भाजपा में तो आम तौर पर कार्यकर्ता वर्ग में प्रशिक्षण शिविर को लेकर ये कहावत भी है कि शिविर में बैठक, भोजन और विश्राम का इंतजाम सबसे अहम होता है। इन दिनों भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग चल रहे हैं। चिंतन,मनन, विचार-विमर्श हो रहे हैं। इन शिविर में देवतुल्य कार्यकर्ता रहते हैं और प्रवासी नेता भी आते हैं। एक प्रशिक्षिण शिविर को लेकर भाजपा में तराना गूंज रहा है। प्रशिक्षण वर्ग का संयोजन किसी ने भी किया हो लेकिन यहां जिन नेताजी ने भोजन की व्यवस्था कराई है उनकी काफी जिंदाबाद हो रही है। दरअसल नदियापार के एक मंडल में प्रशिक्षण वर्ग शिविर था। इस शिविर में एक पूर्व महानगर अध्यक्ष भी पहुंचे थे। पूर्व महानगर अध्यक्ष अपनी वाणी से भी मधुर हैं, व्यवहार से भी मधुर हैं और वो कार्यकर्ताओं का स्वागत सत्कार करने के मामले में भी मधुर हैं। नेता जी महानगर अध्यक्ष रह चुके हैं और भाजपा की स्वागत संस्कृति से पूरी तरह परिचित हैं। बताते हैं कि नेता जी इस शिविर में सम्मलित हुए थे। रात्रि प्रवास का भी कार्यक्रम था। सूत्र बताते हैं कि नेता जी ने यहां बड़े दिल वाला परिचय दिया। उन्होंने आयोजन तक ये संदेश दे दिया कि शिविर में भोजन की व्यवस्था मेरी तरफ से होगी। भोजन का संयोजन नेता जी ने खुद संभाला और कार्यकर्ताओं को पूरे मान के साथ उन्होंने पोष्टिक और स्वादिष्ट भोजन कराया। बताते हैं कि नेता जी ने भोजन तैयार करने वाले हलवाईयों को निर्देश दे दिया था कि भोजन विशुद्ध रूप से देसी घी में ही तैयार होगा। इसके बाद देसी घी में खाना तैयार किया। जब कार्यकर्ताओं को यह स्वादिष्ट भोजन प्राप्त हुआ तो उन्होंनें भी नेता जी की जमकर प्रशंसा की। सियासत वाले भी कम नहीं है और वो भीइस बात का पता लगाने में जुट गये कि आखिर इस देसी घी वाली दरियादिली का राज क्या है। धीरे धीरे ही इस बात के संकेत मिले कि नेता जी का गुड टाईम आ रहा है। उनकी पांचो अंगुलियां घी में और सिर कढ़ाई में वाला सीन बन रहा है। कहने का मतलब ये कि कुछ अच्छे संकेत मिल रहे हैं। नेता जी इन संकेतों के बाद से काफी हैप्पी हैं। उन्होंने वर्ग शिविर में ये घी वाली व्यवस्था इसीलिए की कि उनका जी राजनीति में अब पूरी तरह लग रहा है। भाजपा वाले ही बताते हैं कि नेता जी वैसे भी बड़े दिल के नेता हैं और संगठन की संस्कृति से पूरी तरह परिचित हैं। फिलहाल तो देवतुल्य वर्ग में वर्ग प्रशिक्षिण शिविर के दौरान नेता जी द्वारा उपलब्ध कराये गये भोजन का किस्सा गूंज रहा है।



## जब नदियापार के एक वार्ड में होर्डिंग पर होर्डिंग लागा तब क्या हुआ ऐसा कि भाजपा पार्षद जान बचाकर भागा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में हर कोई प्रचार चाहता है और प्रचार के लिए कोई सोशल मीडिया पर आता है कोई सड़क किनारे होर्डिंग पर नजर आता है। कोई रैली हो या कोई पर्व आ रहा हो होर्डिंग के जरिये ही संदेश दिया जाता है। होर्डिंग के लिए प्लेस ऐसा चुना जाता है कि कोई आपको रिप्लेस ना कर सके। होर्डिंग के समय की एक मियाद होती है लेकिन हर नेता के मन की ये चाह होती है कि उसका होर्डिंग महीनों तक लगा रहे और वो तभी हटे जब हटने वाली स्थिति आ जाये। हार्डिंग पर कोई अपना होर्डिंग लगा दे तो फिर बात बिगड़ जातीहै। किस्सा नदियापार के एक मंडल का है और किस्से में भाजपा के पार्षद हैं, किस्से में भगत सिंह के भक्त हैं और किस्से में पुलिस है। बताते हैं कि नदियापार के एक वार्ड में एक पार्षद का होर्डिंग लगा था। इसी होर्डिंग पर एक अन्य संस्था ने अपना होर्डिंग लगा दिया। नतीजा ये हुआ कि भगत सिंह वाला होर्डिंग नजर आने लगा और पार्षद जी का होर्डिंग छिप गया। जब ये बात पार्षद को पता चली तो वो मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी देखा कि उनके होर्डिंग के स्थान पर उसी आकार में दूसरा होर्डिंग लग गया है। आजकल होर्डिंग पर केवल फोटो और नाम नहीं होते बल्कि फोन नम्बर भी होते हैं। पार्षद ने होर्डिंग वाले नम्बर पर फोन मिलाया तो उधर से बात शुरू हुई। बातों ही बातों में ये बात हुई कि हम मौके पर आ रहे हैं। बताते हैं कि दो कार में कुछ युवक आये और इधर सरकार वाले पार्षद मौजूद थे। जहां ये होर्डिंग लगा है और जहां ये तकरार हुई वहां से चौकी कुछ मीटर की दूरी पर है। कार से उतरे युवकों ने भाजपा पार्षद को अपनी कार में जबरन बिठाने की कोशिश की। पार्षद ने किसी तहर खुद को छुड़ाया और पुलिस चौकी की तरफ भागे। पार्षद हांफते हुए पुलिस चौकी में दाखिल हुए और सूचना दी। जब पार्षद की सूचना पर पुलिस ने तुरन्त एक्शन लिया तो कार सवार युवक फरार हो गये। फिलहाल पार्षद ने तहरीर दे दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। होर्डिंग को लेकर ये तकरार बतायी जाती है और जैसे ही ये बात क्षेत्र में फैली तो एक पूर्व मंडल अध्यक्ष मौके पर पहुंचे, दो पार्षद भी मौके पर पहुंचे। होर्डिंग को लेकर शुरू हुई इस तकरार के बाद अब मामला मुकदमे वाले सीन की ओर बढ़ रहा है।

### कभी विधायक जी के भी होर्डिंग हो गये थे चोरी

करंट क्राइम। नदियापार का ईलाका बड़ा ईलाका है। यहां भले ही हाईराईज बिल्डिंग हों लेकिन होर्डिंग का क्रेज काफी बतायाजाता है। यहां पार्षद को तो केवल यही फेस करना पड़ा है कि उनके होर्डिंग के ऊपर कोई और होर्डिंग लगा गया। मगर सूत्र बताते हैं कि इस ईलाके में तो विधायक जी के होर्डिंग चोरी हो गये थे। पुलिस रिकॉर्ड गवाह है कि विधायक जी ने बकायदा पुलिस को तहरीर देकर अपने होर्डिंग चोरी होने की बात बताई थी। ये बताया था कि कौन सी कम्पनी को होर्डिंग का काम दिया था। विधायक जी ने ये भी बताया था कि कितने होर्डिंग लगे हैं और जब उन्होंने क्षेत्र में घूमकर देखा तो उनके होर्डिंग चोरी हो चुके थे। मामला संभवत: इंदिरापुरम या लिंकरोड थाने का है। अब पार्षद का भी झगड़ा होर्डिंग को लेकर हुआ है और पार्षद को तो बकायदा कार में घसीटने का भी प्रयास हुआ है।

## ईद पर फैसल हुसैन का सियासी सरप्राइज

### धौलाना 58 में पोस्टर से बढ़ी हलचल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पर ईद के मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन द्वारा लगवाए गए बधाई पोस्टरों ने जिले की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। इन पोस्टरों में विधानसभा 58 धौलाना का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है, जिसे राजनीतिक गलियारों में उनकी संभावित दावेदारी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। त्योहार के बहाने दिया गया यह संदेश अब राजनीतिक चर्चा का केंद्र बन गया है। जानकारी के अनुसार, यह पोस्टर ऐसे समय पर सामने आया है जब समाजवादी पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने में जुटी है। 29 मार्च को दादरी में प्रस्तावित बड़े कार्यक्रम को इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के शामिल होने जा रहे हैं। वहीं क्षेत्रीय स्तर पर सक्रिय राजकुमार भाटी भी इस कार्यक्रम के जरिए नई सियासी दिशा देने की तैयारी में हैं। राजनीतिक सूत्रों का मानना है कि आमतौर पर बधाई पोस्टर महज औपचारिकता होते हैं, लेकिन जब उनमें किसी खास विधानसभा क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख किया जाए तो उसे हल्के में नहीं लिया जाता। धौलाना सीट को लेकर पहले से ही पार्टी के भीतर कई चेहरे सक्रिय बताए जाते हैं, ऐसे में जिला अध्यक्ष स्तर के नेता का इस तरह खुलकर संकेत देना बाकी दावेदारों के लिए सीधा संदेश माना जा रहा है।




वहीं सूत्रों की मानें तो सपा में इन दिनों पोस्ट पॉलिटिक्स का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। नेता पोस्टर, बैनर और सार्वजनिक संदेशों के जरिए अपनी सक्रियता और जनाधार दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। इसे पार्टी नेतृत्व के लिए एक तरह का फीडबैक मैकेनिज्म भी माना जा रहा है, जिससे यह आंका जा सके कि कौन नेता जमीन पर कितना सक्रिय है और किसकी पकड़ किस क्षेत्र में मजबूत है।

इस पोस्टर के सामने आने के बाद पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है। जहां एक ओर समर्थक इसे संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाने वाला कदम बता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर संभावित दावेदार इसे टिकट की दौड़ में बढ़त लेने की रणनीति के तौर पर देख रहे हैं। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि आने वाले दिनों में इस सीट को लेकर शक्ति प्रदर्शन और जनसंपर्क अभियान तेज हो सकते हैं। फिलहाल, एक साधारण दिखने वाला ईद का पोस्टर गाजियाबाद की सियासत में बड़ा संदेश दे गया है।

अब नजर इस बात पर टिकी है कि क्या फैसल हुसैन धौलाना सीट से अपनी दावेदारी को लेकर खुलकर सामने आते हैं और पार्टी नेतृत्व, खासकर अखिलेश यादव इस संकेत को किस रूप में लेते हैं।

## देश विरोधी नेटवर्क का मास्टरमाइंड नौशाद उर्फ लालू, पिस्टल सप्लायर मीरा समेत 3 और गिरफ्तार, 18 तक पहुंची गिरफ्तारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम** = कौशांबी थानाक्षेत्र से उजागर हुए देश विरोधी गतिविधियों के बड़े नेटवर्क पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम और क्राइम ब्रांच सवॉट की संयुक्त कार्रवाई में एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने गिरोह के मास्टरमाइंड नौशाद अली उर्फ लालू, पिस्टल सप्लायर मीरा और एक नाबालिग अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद अब तक कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है, जिनमें 6 बाल अपचारी भी शामिल हैं। शुरूआती दौर में केवल 6 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, इस नेटवर्क की परतें खुलती चली गईं और इसका दायरा लगातार बड़ा होता गया। इस मामले में डीसीपी सिटी धवल जयसवाल का कहना है कि जांच में यह भी सामने आया है कि सोहेल मलिक, नौशाद और समीर उर्फ शूटर इस पूरे नेटवर्क में अहम कड़ी की भूमिका निभा रहे थे। पुलिस अब इनके बीच के कनेक्शन, फंडिंग और नेटवर्क के विस्तार की गहराई से जांच कर रही है। बता दें कि कौशांबी से शुरू हुआ यह मामला अब एक बड़े, संगठित और संभावित अंतरराज्यीय नेटवर्क के रूप में सामने आ चुका है। पुलिस की सक्रियता से लगातार गिरफ्तारी हो रही है, लेकिन जांच एजेंसियां इस बात को लेकर सतर्क हैं कि नेटवर्क की जड़ें अभी और गहरी हो सकती हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों की पूरी संभावना बनी हुई है।





### मीरा करती थी हथियार सप्लाई, पहले भी कई गिरोहों के संपर्क में रही

करंट क्राइम : गिरफ्तार मीरा, जो मथुरा के सदर बाजार क्षेत्र की रहने वाली है, इस नेटवर्क में पिस्टल सप्लायर की भूमिका निभा रही थी। वह पहले भी कई गिरोहों के संपर्क में रह चुकी है और हथियार उपलब्ध कराने का काम करती थी। मीरा की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को हथियार सप्लाई चैन को लेकर भी महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिससे आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे संभव माने जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस नेटवर्क का संचालन सीमा पार से किया जा रहा था। गिरोह के सदस्य गाजियाबाद, दिल्ली और हरियाणा के कई संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थानों की फोटो, वीडियो और अन्य इनपुट इकट्ठा कर विदेशी हैंडलर्स तक पहुंचाते थे। यह खुलासा सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी बेहद गंभीर माना जा रहा है, क्योंकि यह नेटवर्क सीधे तौर पर देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है।

### मास्टरमाइंड नौशाद का खतरनाक नेटवर्क

करंट क्राइम : पुलिस जांच में सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क का संचालन बेहद शातिर तरीके से किया जा रहा था। मास्टरमाइंड नौशाद अली उर्फ लालू हरियाणा के फरीदाबाद (तिगांव) में रहकर पूरे गिरोह को संचालित कर रहा था, जबकि उसका मूल निवास बिहार के मुजफ्फरपुर में है। नौशाद की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि वह ऐसे युवाओं को अपने जाल में फंसाता था, जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होता था। इसके लिए वह खासतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर और कम उम्र के लड़कों को टारगेट करता था। जांच एजेंसियों के मुताबिक गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद सुनियोजित और खतरनाक थी। जिसमें मोबाइल मैकेनिक, कंप्यूटर ऑपरेटर और उउळश तकनीशियन जैसे युवाओं को चिन्हित किया जाता था। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए उनसे संपर्क साधा जाता था, उन्हें मोटी रकम का लालच देकर गिरोह से जोड़ा जाता था। ऐसे युवाओं को चुना जाता था जिनका कोई आपराधिक इतिहास न हो, ताकि उन पर शक कम हो। इतना ही नहीं, किसी को आसानी से फंसाने और नेटवर्क को मजबूत करने के लिए महिलाओं को भी गिरोह में शामिल किया गया था।

### क्राइम ब्रांच स्वॉट प्रभारी की सटीक जांच पर कार्रवाई



करंट क्राइम : पूरे मामले में गठित एसआइटी और क्राइम ब्रांच की टीम लगातार सक्रिय है और एक के बाद एक गिरफ्तारी कर रही है। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम प्रभारी अनिल राजपूत की भूमिका इस पूरे ऑपरेशन में बेहद अहम मानी जा रही है। शुरूआती 6 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद से इन अधिकारियों ने लगातार फील्ड में रहकर इनपुट जुटाए और कौशांबी पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अब तक 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि नेटवर्क पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में और कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं और गिरफ्तारियों का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
04 | सोमवार • 23 मार्च -2026

# संवाद

## संपादकीय

## स्वास्थ्य सिस्टम में मकड़जाल

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है। यह विडंबना ही है कि जिस भरोसे की वजह से कोई व्यक्ति बीमारी का इलाज कराने किसी निजी अस्पताल में जाता है, वह उसके लिए एक नई परेशानी की वजह बन जाता है। भविष्य में इलाज का खर्च उठाने की राह आसान बनाने का भरोसा देकर बीमा कंपनियां लोगों को अपनी योजनाओं का हिस्सा बनने के लिए तो तैयार कर लेती हैं, लेकिन जब इलाज पर हुए खर्च की भरपाई करने का वक्त आता है, तो उसमें कई तरह की अड़चन पेश कर दी जाती है या कई बार मना भी कर दया जाता है। निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच मिलीभगत के सहारे चल रही इस गड़बड़ी के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, लेकिन अब तक इस तरह के घोटालों पर रोक को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस सक्रियता नहीं देखी गई है। हाल ही में यह मसला संसद में उठाया गया, जिसमें सरकार से स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गई। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है।

अक्सर ऐसे मामले देखे जाते हैं, जिसमें अस्पताल में मरीज की मौत हो जाती है और नियमों का हवाला देकर या अलग-अलग कारण बता कर बीमा कंपनी दावे को खारिज कर देती है। इलाज के दौरान अस्पताल में किसी मरीज की मौत हो जाती है, तो कई बार खर्च चुकाने में असमर्थ होने पर अस्पताल शव देने तक से इनकार कर देता है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में मरीज के परिजन किस तकलीफ से गुजरते होंगे। सवाल है कि बीमा कराने के लिए लोगों को आकर्षित करने के कारोबार को इजाजत देने वाले संबंधित सरकारी महकमे इस तरह की मनमानियों के खिलाफ क्या कदम उठाते हैं। इसी मसले पर एक अन्य राज्यसभा सांसद संजय यादव ने कहा कि कंपनियां हर साल करोड़ों रुपए का प्रीमियम तो इकट्ठा करती हैं, लेकिन जब इलाज के बाद मरीज या उसके परिजन खर्च के भुगतान के लिए संपर्क करते हैं, तो वे अलग-अलग तकनीकी कारणों का हवाला देकर रकम का एक बड़ा हिस्सा काट लेती हैं। असल में कंपनियां जब लोगों को बीमा कराने का भरोसा दे रही होती हैं, तब नियम-शर्तों को बताने के मामले में स्पष्टता और पारदर्शिता नहीं बरती जाती। दूसरी ओर, ज्यादातर लोग अस्पष्ट और जटिल स्वरूप में दर्ज नियमों के मामले को कंपनी के भरोसे पर छोड़ देते हैं। बाद में कंपनियां लोगों के इसी भरोसे का फायदा उठा कर नियमों को आधार बनाती हैं। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आइआरडीए) के 2024 के आंकड़े के मुताबिक, एक ही वर्ष में करीब छब्बीस हजार करोड़ रुपए के बीमा दावे खारिज हुए। किसी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज पर आए खर्च के मुकाबले काफी कम रकम का भुगतान करने के मामले आम रहे हैं। इस बात की पड़ताल की जानी चाहिए कि क्या बड़े निजी अस्पताल और बीमा कंपनियों के बीच कोई सांठगांठ है, जिसके तहत किसी व्यक्ति को बीमा कराने के लिए तैयार करने से लेकर इलाज कराने के लिए अस्पताल का चुनाव करने, खर्च के भुगतान के दावे पर निर्णय लेने का कोई संजाल काम करता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया की पहली हॉस्पिटल ट्रेन भारत के पास है। जिसका नाम लाइफ लाइन ट्रेन है।
- एक सामाजिक अध्ययन के अनुसार संसार की महिलाये करीब 18 ट्रिलियन डॉलर कमाती हैं। लेकिन उनके खर्चे करीब 28 ट्रिलियन डॉलर होते हैं।
- क्या आप जानते हैं कि सऊदी अरब देश में एक भी नदी नहीं है।
- क्या आप जानते हैं की हीरे की खोज सबसे पहले भारत में ही की गयी थी।
- क्या आप जानते हैं कि शैम्पू की खोज सबसे पहले भारत में ही हुई थी।
- प्लास्टिक सर्जरी का अविष्कार भारत में ही हुआ था।
- क्या आप जानते हैं साल 1880 में थाईलैंड की रानी डूब रही थी लेकिन उसे बचाने उसके नौकर भी नहीं आये थे। क्योंकि थाईलैंड की रानी को छूना मना था।
- क्या आप जानते हैं की दुनिया में सबसे पुराना झंडा डेनमार्क देश का हैं जो 13 सदी से लगाया जा रहा है।

## राशिफल

**मेष:** सोशल मीडिया पर आपकी कुछ हरकतों को देखकर आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। किसी पोस्ट पर आपत्ति कर सकते हैं।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहेगा। आप अपने पार्टनर के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता पाएंगे। नए संबंध बनाने के लिए भी समय अच्छा रहेगा।

**मिथुन:** आपका प्रेमी कुछ रोमांटिक योजना बना सकता है लेकिन आप उसकी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए यादगार साबित हो सकता है। आप अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत समय बिता पाएंगे।

**सिंह:** प्रेमी के लिए अच्छा दिन कहा जा सकता है। रिश्तों में पहले से ज्यादा गहराई और जुनून देखा जा सकता है। आप प्रेम-संबंध में जिस मुकाम पर पहुंचे हैं।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए कठिन रहने के आसार हैं। पार्टनर से किसी न किसी बात पर झगड़ा होगा। जिससे आपके बीच अनबन हो सकती है।

**तुला:** पुराने संबंधों की याद आज ताजा हो सकती है जिससे मन में उदासी रहेगी. आप जितना भूलने की कोशिश करेंगे, आप उतने ही परेशान होंगे।

**वृश्चिक:** नए प्रेम संबंध में धोखा मिलने के योग हैं। शादीशुदा जातकों के प्रेम जीवन में तनाव की स्थिति रहेगी। किसी कारणवश गंभीर झगड़ा हो सकता है।

**धनु:** यदि आप दोनों के बीच कुछ समय से कुछ अनबन चल रही है तो आप दोनों इस बारे में बात कर सकते हैं।

**मकर:** आज आपके लिए विवाह प्रस्ताव आ सकते हैं। अगर आप किसी को चाहते हैं तो उसके बारे में अपने परिवार वालों से बात करना न भूलें।

**कुंभ:** किसी मित्र के कारण प्रेम संबंधों में दरार आ सकती है या गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। अपनी तरफ से ऐसा कुछ होने से रोकें।

**मीन:** आज का आज किसी जरूरी काम में आपको अपने लव पार्टनर का सहयोग मिलेगा। जिससे आपका मानसिक तनाव दूर होगा।

## भारत में 4 महीनों में शुरू होगा कार्बन ट्रेडिंग बाजार 2070 नेट-जीरो लक्ष्य की ओर बड़ा कदम



### 490 संस्थाओं के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लक्ष्य तय

मनोहरलाल ने कहा, 2026 से 490 संस्थाओं के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लक्ष्य तय किए गए हैं। उन्हें अपने कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। इस कार्बन बाजार से उन्हें लचीलापन और आर्थिक प्रोत्साहन मिलेगा। पहले से चल रही पैट योजना के जरिए लगभग 11 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है और ऊर्जा दक्षता में सुधार हुआ है। इसके अलावा देश में 20 करोड़ स्मार्ट मीटर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जो पूरी दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। इस योजना में भाग लेने के लिए सभी संबंधित पक्षों को पहले पंजीकरण कराना होगा। कार्बन बाजार उत्सर्जन को संतुलित करने का एक तंत्र होगा।

**नई दिल्ली।** भारत अगले चार महीनों में घरेलू कार्बन बाजार में ट्रेडिंग शुरू करेगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के अनुसार, यह कदम 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा।

भारत अगले चार महीनों में घरेलू कार्बन बाजार में औपचारिक ट्रेडिंग शुरू करेगा।केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने की। यह कदम देश के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और जलवायु संबंधी कार्यों के लिए आर्थिक ढांचा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा।

भारत बिजली शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान मंत्री ने कहा कि अगले चार महीने में देश में कार्बन बाजार में औपचारिक ट्रेडिंग शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में भाग लेने के लिए सभी संबंधित पक्षों को पहले पंजीकरण कराना होगा। कार्बन बाजार उत्सर्जन को संतुलित करने का एक तंत्र होगा।

जिन कंपनियों के पास कार्बन प्रमाणपत्र होंगे वो उन्हें बेच सकेंगे। जिनके पास नहीं होंगे वो खरीद सकेंगे, ताकि वे अपने दायित्वों को पूरा कर सकें।

2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को देखते हुए जलवायु परिवर्तन पर तत्काल कदम उठाना आवश्यक है।

भारत ने पेरिस समझौते के तहत 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है।

## क्रिटिकल मिनरल्स पर बड़ा दांव: भारत 7वें चरण में 19 ब्लॉक्स की नीलामी करेगा, आत्मनिर्भरता की ओर कदम



**नई दिल्ली।** भारत अपनी खनिज और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। केंद्र सरकार 23 मार्च को देश के खनिजों की नीलामी का सातवां चरण लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बार कुल 19 खनिज ब्लॉक्स की बोली लगाई जाएगी। यह सभी ब्लॉक्स अलग-अलग राज्यों में फैले हुए हैं। भारत सरकार ने बोली लगाने वाली कंपनियों को न्यौता दे दिया है।

बता दें कि पूरी दुनिया अब क्लीन एनर्जी और एडवांस टेक्नोलॉजी की ओर भाग रही है। वैश्विक सप्लाई चेन में हो रही उथल-पुथल को देखते हुए भारत ने अपनी कमर कस ली है। इस नीलामी का मुख्य उद्देश्य लिथियम, ग्रेफाइट, दुर्लभ पृथ्वी तत्व, टंगस्टन, वैनेडियम और टाइटेनियम जैसे खनिजों के लिए आयात पर निर्भरता कम करना है। ये वही खनिज हैं जो स्मार्टफोन की बैटरी से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक में 'बैकबोन' का काम करते हैं।

### 46 ब्लॉक्स का सफल दांव

खनन मंत्रालय के अनुसार, सरकार अब तक खनिजों की नीलामी के छह सफल दौर पूरे कर चुकी है। इन चरणों में अब तक कुल 46 क्रिटिकल खनिज ब्लॉक बेचे जा चुके हैं। इसी बढ़ती रफ्तार को बरकरार रखते हुए सातवें चरण में 19 ब्लॉक्स को माइनिंग लीज पर देने की तैयारी की जा रही है।

### नीलामी की कमान दिग्गजों के हाथ

नीलामी के दौरान, केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे मौजूद रहेंगे। मंत्रालय का मानना है कि इन खनिजों की उपलब्धता भारत को न केवल तकनीक के क्षेत्र में आगे ले जाएगी,बल्कि रणनीतिक क्षेत्रों में भी देश को मजबूत करेगी।

### खनन प्रभावित क्षेत्रों का विकास भी साथ-साथ

नीलामी के साथ-साथ सरकार समावेशी विकास पर भी जोर दे रही है। मंत्रालय सोमवार और मंगलवार को राजधानी में 'नेशनल डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन समिट 2026' का आयोजन भी कर रहा है। इसका मकसद उन इलाकों में विकास पहुंचाना है जहां खनन होता है। सरकार का कहना है कि माइनिंग वाले इलाकों को भी उनका हक मिलना चाहिए। बताते चलें कि यह भारत के 'मिशन 2047' और ग्रीन एनर्जी हब बनने के सपने को नई ऊर्जा देने की एक बड़ी कोशिश है।

## आर्थिक गति बनी रही तो 2047 तक समृद्ध राष्ट्र बन सकता है भारत



**नई दिल्ली।** भारत के नीति निमार्ता उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सड़कें, हवाई अड्डे, बंदरगाह और लॉजिस्टिक कॉरिडोर जैसे बुनियादी ढांचों में निवेश तेजी से हो रहा है। एक कुशल परिवहन नेटवर्क आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा और घरेलू अर्थव्यवस्था के विस्तार में मदद करेगा। भारत को दुनिया एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में देख रही है। 2047 में अपनी आजादी के 100 साल पूरा करने पर देश एक समृद्ध राष्ट्र बन सकता है। यह दावा वाशिंगटन एक्सामिनर की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो दशक में भारत ने मजबूत आर्थिक वृद्धि दर्ज की है।

**भारत की वृद्धि के प्रमुख कारण :** भारत की आर्थिक संभावनाओं को कई सकारात्मक बातों से समर्थन मिल रहा है। इसमें सरकार की प्रगतिशील नीतियां, जनसांख्यिकीय ताकत और बढ़ता हुआ तकनीकी आधार है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी है। इसकी औसत आयु लगभग 28 साल है। यह अमेरिका और चीन के मुकाबले काफी कम है। आने वाले दशक में बड़ी संख्या में युवा श्रम बाजार में प्रवेश करेंगे। इससे उत्पादकता में वृद्धि होगी और उपभोक्ता मांग बढ़ेगी। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति घरेलू बाजार को मजबूत करेगी और भारत को निर्यात पर कम निर्भर रहना पड़ेगा।

## एमएसएमई को बड़ा बूस्ट : क्रेडिट गारंटी स्कीम में बड़े बदलाव, निर्यातकों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों, विनिमार्ताओं और निर्यातकों को बढ़ावा देने के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी स्कीम (टउऋर-टरटए) में बड़े बदलाव किए हैं। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना में बदलाव का एलान किया है। यह योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए है। यह संशोधन विनिमार्ताओं और निर्यातकों को समर्थन देने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधित योजना में चौथे वर्ष के बाद किस्तों में पांच फीसदी अग्रिम योगदान की अनुमति है। एनसीजीटीसी ने 24 फरवरी, 2026 से इस योजना को लागू कर दिया है।

संशोधित योजना में सेवा क्षेत्र को भी शामिल किया गया है। उपकरण या मशीनरी की लागत को परियोजना लागत के 75 फीसदी से घटाया गया है। अब यह 60 फीसदी कर दी गई है। पहले यह सीमा 75 फीसदी थी। नई योजना के अनुसार, ऋण गारंटी 10 साल बाद समाप्त हो जाएगी। पुरानी योजना में



इसकी कोई निश्चित अवधि नहीं थी। योजना का उद्देश्य एमएसएमई को संयंत्र और मशीनरी/उपकरण खरीदने के लिए ऋण उपलब्ध कराना है। इससे भारत के विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में सहायक होगा।

**पात्रता और ऋण सीमा के बारे में क्या अपडेट?**

इस योजना का लाभ उन लाभदायक इकाइयों को मिलेगा। जिन्होंने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में अपने बिक्री कारोबार का कम से कम 25 फीसदी निर्यात किया है।

## ईरान से पाबंदी हटने पर भारत का कम हो सकता है तेल संकट, अमेरिका ने लिया प्रतिबंध पर यू-टर्न



**नई दिल्ली।** ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंध हटाए जाने को अमेरिकी नीति में बड़ा यू-टर्न माना जा रहा है, क्योंकि अब तक वॉशिंगटन ईरान के तेल निर्यात पर सख्त प्रतिबंध बनाए हुए था। युद्ध के कारण शिपिंग और उत्पादन पर पड़े असर से दुनिया भर में ऊर्जा कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे अमेरिका पर दबाव बढ़ा है कि वह वैकल्पिक आपूर्ति के स्त्रोत तलाशे।

अमेरिका द्वारा ईरान के तेल निर्यात पर पाबंदी हटाने के ऐलान से वैश्विक तेल संकट कम करने में मदद मिल सकती है। भले ही यह सीमित वक्त के लिए हो, लेकिन मुश्किल हालात में इससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल के दामों को कम करने में मदद मिलेगी। भारत को भी अपने ऊर्जा संकट से निपटने में इस फैसले कुछ राहत मिल सकती है।

### कभी 10.6 फीसदी तक ईरान से होता था कच्चे तेल का आयात

भारत अभी ऊर्जा का 85 प्रतिशत विभिन्न देशों से आयात करता है। वर्ष 2018-19 में भारत के कुल क्रूड ऑयल आयात में ईरान की हिस्सेदारी 10.6 प्रतिशत होती थी। जब 2019 में अमेरिका ने ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध लगाए तो उसके बाद से भारत का आयात कम होता चला गया और अब मामूली व्यापार रह गया है। साल 2025 में ईरान से महज 0.44 बिलियन डॉलर का आयात किया गया। जबकि 1.24 बिलियन डॉलर का निर्यात किया गया।

इसकी एक वजह यह भी है कि भारत की तेल रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल को प्रोसेस करने की उच्च तकनीक व लॉजिस्टिक क्षमता है और वे काफी समय से रूसी तेल को प्रोसेस करने में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। हाल में अमेरिका ने कुछ वक्त के लिए ईरान के तेल निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की बात कही है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय अभी पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है।

## ग्रीन फ्यूल की ओर कदम: एथनॉल ब्लेंडिंग 30% तक करने की मांग



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) ने पेट्रोल में 20% से अधिक एथनॉल मिश्रण की आपूर्ति की पेशकश की है, ताकि कच्चे तेल पर भारत की आयात निर्भरता को कम किया जा सके। एसोसिएशन ने सरकार से मिश्रण सीमा को धीरे-धीरे 30% तक बढ़ाने और फ्लेक्स-ईंधन वाहनों को प्रोत्साहित करने का भी आग्रह किया है।

पश्चिम एशिया संकट और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) ने पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत से अधिक एथनॉल के मिश्रण की आपूर्ति की पेशकश की है। संघ का मानना है कि इससे भारत की आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता घटेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखे एक पत्र में एआईडीए की उप-महानिदेशक भारती बालाजी ने कहा कि एथनॉल उद्योग देश द्वारा पहले ही हासिल किए जा चुके ई20 के लक्ष्य से आगे जाने के लिए तैयार है। उन्होंने पत्र में कहा, अब जबकि पश्चिम एशिया युद्ध में उलझा हुआ है।

## चुटकुले

टीचर : बताओ सबसे ज्यादा नशा किस चीज में होता है?
स्टूडेंट : किताबों में
टीचर : कैसे?
स्टूडेंट : खोलते ही नींद आ जाती है!

---

डॉक्टर : तुम रोज शराब पीते हो?
मरीज : जी हाँ
डॉक्टर : क्यों?
मरीज : क्योंकि रोज ही तो आता है!

---

बेटा : पापा, ये "success" क्या होता है?
पापा : बेटा, जब तुम्हारी मम्मी बोलना बंद कर दे, वही success है!

---

गर्लफ्रेंड : तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
बॉयफ्रेंड : जितना तुम सोच भी नहीं सकती!
गर्लफ्रेंड : फिर भी?
बॉयफ्रेंड : बस उतना ही जितना तुम्हारा मोबाइल चार्ज रहता है!

---

टीचर : बताओ "I Love you" का आविष्कार किसने किया?
स्टूडेंट : चीन वालों ने
टीचर : कैसे?
स्टूडेंट : क्योंकि इसमें कोई गारंटी नहीं होती!

---

पप्पू : यार, मेरे दिमाग में बहुत दर्द हो रहा है
डॉक्टर : तुम्हारे पास दिमाग ही नहीं है
पप्पू : तभी तो दर्द हो रहा है!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# युवा जोश पर निर्भर हैदराबाद, स्टार खिलाड़ियों की फॉर्म ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ सीजन से सनराइजर्स हैदराबाद ने इतनी आक्रामक बल्लेबाजी की है कि उसके सामने हर स्कोर छोटा नजर आने लगा है। आईपीएल में कई बार 250+ रन बना चुकी सनराइजर्स की टीम इस बार आईपीएल में अपना खिताबी सूखा समाप्त करने उतरेगी। टीम के पास स्टार खिलाड़ियों का बड़ा पूल है, लेकिन नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति और कुछ खिलाड़ियों की फॉर्म ने उसके लिए चिंता बढ़ा दी है। सनराइजर्स टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ करेगी।



**आईपीएल की सबसे मजबूत टीमों में से एक सनराइजर्स हैदराबाद को टूनार्मेंट का खिताब जीते लंबा समय हो चला है। 2024 में टीम फाइनल में पहुंची थी, लेकिन चूक गई थी। सनराइजर्स के पास काफी अच्छे खिलाड़ी हैं जो किसी भी पल मैच का रुख बदल सकते हैं।**

### हैदराबाद का शीर्षक्रम दमदार

सनराइजर्स हैदराबाद ने अपना अंतिम खिताब 2016 में आरसीबी को हराकर जीता था। यह टीम पहले मैच में ही चाहेगी कि जीत से आगाज किया जाए, ताकि अंक तालिका में शुरूआत से ही मजबूती मिले। हैदराबाद में युवा खिलाड़ियों की भरमार है। झारखंड को सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में चैंपियन बनाने वाले ईशान किशन ने टी20 विश्व कप में 317 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था। पैट कमिंस की जगह उन्हें शुरूआती मैचों की कमान मिली है। टीम का शीर्षक्रम विस्फोटक बल्लेबाजों से भरा है, जो विरोधी टीम के मन में अलग ही डर पैदा करता है।

### सनराइजर्स का मजबूत पक्ष

ओपनर अभिषेक शर्मा को सनराइजर्स हैदराबाद के लिए बीते सत्रों में विस्फोटक पारियां खेलने की वजह से ही भारतीय टीम में जगह मिली। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कमाल कर रहे हैं। अभिषेक पावरप्ले में ही मैच का रुख बदलकर रख देते हैं।

### आईपीएल 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम

पैट कमिंस (कप्तान), ट्रेविस हेड, अनिकेत वर्मा, एस रविचंद्रन, अभिषेक शर्मा, नीतीश रेड्डी, कामिंदु मेंडिस, लियाम लिविंगस्टोन, हर्ष दुबे, शिवांग कुमार, ईशान किशन (स्टैंड इन कप्तान और विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), सलिल अरोड़ा (विकेटकीपर), ब्रायडन कार्स, ईशान मलिंगा, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल, जीशान अंसारी, साकिब हुसैन, ओंकार तुकाराम तरमले, अमित कुमार, प्रफुल हिंगे, क्रायंस फुलेट्रा, शिवम मावी।

### हैदराबाद की कमजोरी

टीम की कमजोरी उसकी ताकत अभिषेक शर्मा ही बन सकते है, जिन्हें स्पिनरों को खेलने में बीते कुछ समय से खासी परेशानी हो रही है। इसके अलावा, कप्तान पैट कमिंस चोटिल हैं। कमिंस नई गेंद से विकेट निकालने में माहिर हैं और उनके नेतृत्व की क्षमता सभी देख चुके हैं। हैदराबाद को शुरूआती मैच में कमिंस की कमी खलेगी। वहीं, जैक एडवर्ड्स बाहर हो गए हैं। हेनरिक क्लासेन भी अच्छे रंग में नहीं हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। टीम में एक अच्छे स्पिनर की भी कमी है।



# मानव ठक्कर और यशस्विनी घोरपड़े बने नए चैंपियन, जीता पहला सिंगल्स खिताब



**नई दिल्ली।** पीएसपीबी के मानव ठक्कर और यशस्विनी घोरपड़े ने सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला एकल खिताब जीता। मानव ने पुरुषों के फाइनल में जीत चंद्र को 4-1 से हराया, जबकि यशस्विनी ने रोमांचक मुकाबले में सिंड्रेला दास पर 4-3 से जीत दर्ज की।

पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के मानव ठक्कर और यशस्विनी घोरपड़े ने शनिवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला एकल खिताब जीता। पुरुषों के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त मानव ने अपेक्षानुरूप प्रदर्शन करते हुए रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के जीत चंद्र पर 4-1 (11-2 11-4 6-11 11-9 11-3) की शानदार जीत हासिल की।उन्होंने फाइनल में पीएसपीबी की युवा खिलाड़ी सिंड्रेला दास पर 4-3 (11-6 12-14 11-5 9-11 13-11 6-11 11-8) से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया।

मिश्रित युगल फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी (पश्चिम बंगाल) और सुहाना सैनी (हरियाणा) ने अनिकेत बोस और सम्प्रीति रॉय की पश्चिम बंगाल की जोड़ी को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (11-9 11-7 9-11 13-15 12-10) से हराया।

# यानिक सिनर ने मियामी ओपन में जुमहुर को दी मात
## इस मामले में जोकोविच की बराबरी पर पहुंचे

**मियामी।** इटली के यानिक सिनर ने मियामी ओपन में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दामिर जुमहुर को एकतरफा अंदाज में मात दी।



यानिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए मियामी ओपन के पहले राउंड के मुकाबले नें दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सिनर ने नवंबर में पेरिस मास्टर्स और इंडियन वेल्स में अपने खिताबी जीत के बाद अब एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार 24 सेट जीतकर नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

### सिनर के पास आगे निकलने का मौका

सिनर के पास 30वीं वरीयता प्राप्त कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मुकाबले का पहला सेट जीतकर जोकोविच से आगे निकलने का मौका होगा, जिन्होंने टॉमस माचाक को 6-0, 1-6, 6-4 से हराया था। जीत के बाद सिनर ने कहा, मुझे लगता है कि कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है। मेरे लिए मैं एक खिलाड़ी के तौर पर बेहतर होने की कोशिश करता हूं और खुद को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने की स्थिति में रखता हूं। मैं हमेशा हर विरोधी के साथ एक जैसा बर्ताव करता हूं, कोर्ट पर आकर अच्छे रवैये के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं और इसके लिए पूरी कोशिश करता हूं।

सिनर मियामी में अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व में 2024 में वह चैंपियन रहे थे। इंडियन वेल्स में 2026 के लिए अपनी पहली ट्रॉफी उठाने के बाद, सिनर 2017 में रोजर फेडरर के बाद मशहूर सनशाइन डबल पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, अलेक्जेंडर शेवचेंको ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में वापसी करते हुए जीत हासिल करके बेन शेल्टन को मियामी ओपन से बाहर कर दिया।

# आईपीएल के लिए ऋषभ पंत बदल रहे रणनीति
## तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे लखनऊ के कप्तान

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत आईपीएल 2026 के लिए अपनी बल्लेबाजी रणनीति में बड़ा बदलाव कर रहे हैं। वे अब तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले हैं। यह फैसला संभवतः टीम के बैलेंस और पंत की आक्रामक बल्लेबाजी को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। लेकिन इसमें भी कोई शक नहीं है कि इसके पीछे उनकी मंशा राष्ट्रीय टीम में वापसी की भी है। पिछले आईपीएल सीजन में पंत की फॉर्म निराशाजनक रही थी।



### किस तरह बदलेगा लखनऊ का बल्लेबाजी संयोजन

पंत के लिए आईपीएल का आगामी सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वह अपनी कीमत को जायज ठहराने के अलावा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की भी कोशिश करेंगे। आईपीएल सूत्रों के अनुसार, टीम प्रबंधन और पंत दोनों इस बात से सहमत हैं कि उनके लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना उपयुक्त होगा। इस साल उनके शीर्ष क्रम में एडेन मारकम, मिचेल मार्श और पंत शामिल होंगे।

लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत आईपीएल 2026 में अपनी रणनीति में बदलाव करने जा रहे हैं। पंत 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल के 19वें सीजन में तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। पंत इस दौरान एक बार फिर लखनऊ फ्रेंचाइजी की कमान संभालेंगे। लखनऊ ने 2025 के लिए हुई बड़ी नीलामी में पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन पिछला सीजन टीम और पंत दोनों के लिए कुछ खास नहीं रहा था।

**पंत के सामने कड़ी प्रतिस्पर्धा**

पिछले साल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए पंत एक सफल सीजन की ओर देख रहे हैं। इसी के तहत उन्होंने शीर्ष क्रम पर उतरने का फैसला किया है। ऐसा सिर्फ आईपीएल के लिए नहीं किया जा रहा, बल्कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज का ध्यान भारतीय टी20 टीम में वापसी पर लगा हुआ है। पंत खेल के तीनों प्रारूप में से केवल भारतीय टेस्ट टीम के ही अभिन्न सदस्य हैं, जबकि वनडे में वह केएल राहुल के बैकअप विकेटकीपर हैं। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 में भारत की विश्व कप जीत के बाद टी20 टीम में अपनी जगह गंवा दी थी। संजू सैमसन और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए टीम में वापसी करने के लिए उन्हें कुछ खास प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है।

### पिछले सीजन निराशाजनक रहा था स्ट्राइक रेट

पंत ने पिछले साल 133.17 के निराशाजनक स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और उन्होंने केवल 269 रन बनाए जिसमें नाबाद 118 रन की एक पारी भी शामिल है। लखनऊ की टीम के मध्य क्रम में पूरन, आयुष बदोनी, अब्दुल समद और शाहबाज अहमद शामिल हैं। पिछले सत्र में लखनऊ की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी रही थी क्योंकि मयंक यादव और मोहसिन खान जैसे तेज गेंदबाज चोटों के कारण उपलब्ध नहीं थे। अन्य तेज गेंदबाजी विकल्पों में आवेश खान और एनरिच नॉर्जे शामिल थे।

# क्या बांग्लादेश के साथ हो सकती है भारत की सीरीज
## बीसीबी ने अचानक क्यों स्थगित किया आयरलैंड दौरा

**ढाका।** बांग्लादेश ने इस साल सितंबर में होने वाले आयरलैंड दौरे को फिलहाल टाल दिया है। इससे इस बात की संभावना बढ़ गई है कि भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले साल स्थगित की गई सीमित ओवरों की सीरीज हो सकती है।



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सितंबर 2026 में होने वाला आयरलैंड दौरा स्थगित कर दिया है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, बोर्ड इस अवधि के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम की मेजबानी करने की योजना बना रहा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी के मुताबिक, जब भारत के साथ होने वाली सीरीज को 2025 से शिफ्ट कर सितंबर 2026 में किया गया था, उसी समय क्रिकेट आयरलैंड से नई तारीख देने का अनुरोध किया गया था। तब आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2026 में दौरे को आगे बढ़ाने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद दोनों बोर्ड आपसी सहमति से सीरीज को टालने पर सहमत हुए।

**क्या है संभावित कार्यक्रम**

बांग्लादेश का आयरलैंड दौरा 2027 में किसी समय आयोजित किया जा सकता है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय क्रिकेट टीम तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए 28 अगस्त 2026 को बांग्लादेश पहुंच सकती है। वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को, जबकि टी20 मैच नौ, 12 और 13 सितंबर को खेले जा सकते हैं।

बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को अपने घर में वनडे सीरीज में 2-1 से हराया है। सीरीज जीतने के बाद बांग्लादेश आईसीसी की वनडे रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गया है।

टीम के 79 रेटिंग प्वाइंट हैं और वह 10वें स्थान पर मौजूद वेस्टइंडीज से आगे है। बांग्लादेश का ध्यान वनडे विश्व कप 2027 के लिए क्वालिफाई करने पर है। विश्व कप में सीधे क्वालिफाई करने के लिए बांग्लादेश को 31 मार्च 2027 तक टॉप-8 में जगह बनानी होगी। अगर टीम ऐसा नहीं कर पाती तो उसे क्वालिफाइंग टूर्नामेंट खेलना पड़ेगा।

### दौरा टला तो बांग्लादेश की बढ़ेगी मुश्किलें

आयरलैंड दौरे के टलने के बाद बांग्लादेश के पास न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के दौरे का कार्यक्रम है। बांग्लादेश और भारत के रिश्ते पिछले कुछ महीनों में असामान्य रहे हैं। बांग्लादेश टी20 विश्व कप 2026 के मैच खेलने के लिए भारत नहीं आई थी और विश्व कप का बहिष्कार किया था। ऐसे में भारतीय टीम वनडे और टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगी या नहीं, इस पर फिलहाल निश्चितता के साथ कुछ भी नहीं कहा जा सकता। अगर भारत का दौरा किसी कारण से टलता है तो बांग्लादेश के पास क्वालिफिकेशन डेडलाइन से पहले सीमित वनडे मैच ही बचेंगे, जो सीधे विश्व कप में उसकी एंट्री को मुश्किल बना सकते हैं।

# लंदन जाने के लिए कोहली ने आरसीबी से की चार्टर्ड प्लेन की मांग

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का एक सोशल मीडिया पोस्ट काफी वायरल हो रहा है। कोहली ने दरअसल, उन्हें लेकर चल रही एक मीडिया रिपोर्ट को खारिज किया है।



भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2026 से पहले फ्रेंचाइजी से बड़ी मांगें रखने की खबरों पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि कोहली ने सीजन के बीच लंदन जाने के लिए फ्रेंचाइजी से चार्टर्ड प्लेन की मांग की है। इस रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कोहली ने फ्रेंचाइजी से कहा है कि अगर मैचों के बीच तीन दिन का फासला हुआ तो वह लंदन जाएंगे और मैच से पहले वापस आ जाएंगे। अब विराट ने इस खबर पर प्रतिक्रिया दी है और इसे खारिज कर दिया है। कोहली ने हालांकि, जिस तरह इस खबर को लेकर प्रतिक्रिया दी है वो वायरल हो गई है। दरअसल, कोहली ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस खबर को शेयर किया है और कैप्शन में हंसने का इमोजी लगाया है।

कोहली आईपीएल 2026 सीजन के लिए आरसीबी टीम से जुड़ गए हैं और उन्होंने हाल ही में अभ्यास सत्र में भी हिस्सा लिया था। आरसीबी का पहला मैच 28 मार्च को बंगलूरू में सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

**खिताब बचाने उतरेगी आरसीबी**

कोहली ने आरसीबी के लिए अपने 18वें सीजन में अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था। आरसीबी की टीम इस बार खिताब बचाने के इरादे से उतरेगी। फिलहाल 267 मैचों में आठ शतक और 63 अर्धशतकों के साथ 8661 रन बना चुके कोहली आईपीएल इतिहास में 9000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बनने का लक्ष्य लेकर उतरेंगे। विराट कोहली ने 414 टी20 मैचों में नौ शतक और 105 अर्धशतकों सहित 13543 रन बनाए हैं। अब वे वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल (14562 रन), कीरोन पोलार्ड (14482 रन), इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स (14,449 रन) और ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज डेविड वार्नर (14028 रन) की तरह टी20 क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाले पांचवें खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर होंगे।

# क्या सीएसके को संजू सैमसन को बनाना चाहिए कप्तान, उथप्पा ने दिया ये जवाब

**नई दिल्ली।** रॉबिन उथप्पा का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को ही करनी चाहिए और फिलहाल संजू सैमसन को ये जिम्मेदारी नहीं सौंपनी चाहिए। सैमसन राजस्थान रॉयल्स के कप्तान थे, लेकिन अब वह सीएसके के लिए खेलेंगे।



भारत और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने आईपीएल 2026 में ऋतुराज गायकवाड़ को सीएसके की कप्तानी जारी रखने का समर्थन किया है। उथप्पा का कहना है कि ऋतुराज को ही टीम की कप्तानी करनी चाहिए। उन्होंने संजू सैमसन को कप्तानी सौंपने की अटकलों को खारिज कर दिया है। उथप्पा का मानना है कि इस महत्वपूर्ण बदलाव के दौर में गायकवाड़ के नेतृत्व कौशल को निखारने के लिए फ्रेंचाइजी को धैर्य रखना चाहिए।

उथप्पा बोले- धोनी की छाया से बाहर निकल रहे हैं सैमसन

उथप्पा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि सीएसके को कप्तानी की जिम्मेदारी संजू सैमसन को सौंप देनी चाहिए। ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान के रूप में जमने के लिए समय देना होगा। वह 2024 से टीम की कप्तानी कर रहे हैं। लोग चाहे कुछ भी कहें, वह एमएस धोनी की छाया से बाहर निकल रहे हैं। आप चाहते हैं कि वह पूरी तरह से उभर कर अपनी पहचान बनाएं। आप देखना चाहते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। उथप्पा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि सनराइजर्स हैदराबाद के पास अभी ऐसा गेंदबाजी अटैक है जो उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से पैदा होने वाली अस्थिरता को संभाल सके, खासकर तब जब उनका टॉप ऑर्डर अच्छा प्रदर्शन न करे। हम सभी ने पिछले सीजन में देखा था कि क्या हुआ था। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड और हेनरिक क्लासेन के अलावा, कोई भी अन्य बल्लेबाज आगे बढ़कर जिम्मेदारी नहीं उठा पाया था। जब टॉप ऑर्डर विफल रहा तो गेंदबाज भी उस स्कोर का बचाव करने में असमर्थ रहे। यही वजह है कि मैं इस सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद को खिताब का एक दावेदार नहीं मानूंगा।

### हैदराबाद को खिताब का दावेदार नहीं मानते उथप्पा

उथप्पा का मानना है कि आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम खिताब की प्रबल दावेदार नहीं होगी। उथप्पा ने कहा कि भले ही हैदराबाद का बैटिंग ऑर्डर काफी दमदार नजर आ रहा हो, लेकिन टीम का गेंदबाजी अटैक काफी कमजोर दिख रहा है। उथप्पा ने कहा, सनराइजर्स हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी देखना मनोरंजक होता है। हालांकि, इस तरह की बल्लेबाजी उन्हें आईपीएल जीतने में मदद नहीं करेगी। हैदराबाद की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर है। गेंदबाज ही होते हैं जो आपको ट्रॉफी दिलवाते हैं। हैदराबाद को अपने घरेलू मैदान पर सात मैच खेलने होते हैं, जहां की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग जैसी है।

# जापान ने तीसरी बार जीता खिताब
## फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से रौंदा

**नई दिल्ली।** एएफसी विमेंस एशियन कप में जापान ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर तीसरी बार खिताब जीत लिया।जापान ने इससे पहले 2014 और 2018 में भी ऑस्ट्रेलिया को हराकर यह ट्रॉफी अपने नाम की थी।



जापान ने एएफसी विमेंस एशियन कप 2026 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से शिकस्त देकर टूनामेंट के इतिहास में तीसरी बार खिताब अपने नाम किया है। यह मुकाबला शनिवार को स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में खेला गया। जापान ने इससे पहले 2014 और 2018 में यह खिताब जीता था। दोनों ही बार ऑस्ट्रेलिया को हराकर टाइटल अपने नाम किया था।

### दर्शकों में दिखा भारी उत्साह

मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने 74,397 दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ के सामने फाइनल में शानदार शुरूआत की। स्ट्राइकर मैरी फाउलर ने एक सटीक लंबे पास के जरिए केटलिन फोर्ड तक गेंद पहुंचाकर इस मूव की शुरूआत की। फोर्ड ने कप्तान सैम केर के लिए गोल करने का एक बेहतरीन मौका बनाया, लेकिन जापान की गोलकीपर यामाशिता ने शानदार बचाव करते हुए उस शॉट को रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 11वें मिनट में एक बार फिर गोल करने की कोशिश की, लेकिन जापान के मजबूत डिफेंस ने उन्हें रोका।

### मैच का हाल

ऑस्ट्रेलिया के शुरूआती दबदबे के बावजूद, जापान ने खेल के प्रवाह के विपरीत जाते हुए 17वें मिनट में गोल दागा। हमानो ने पेनाल्टी एरिया के बाहर जगह बनाई, तेजी से घूमीं, और एक घुमावदार शॉट लगाया जो मैकेंजी अर्नोल्ड को छकाते हुए गोल के निचले कोने में जा समाया।

इसके बाद जापान ने अपनी बेहतरीन पासिंग के दम पर खेल की रफ्तार को नियंत्रित किया। हालांकि, यामाशिता की एक गलत क्लीयरेंस के कारण ऑस्ट्रेलिया को बराबरी का सुनहरा मौका मिल गया, जब गेंद फोर्ड के पास जा गिरी। फोर्ड के शॉट को हाना ताकाहाशी ने डिफ्लेक्ट करके गोल बचा लिया।

पहले हाफ के आखिरी पलों में जापान को अपनी बढ़त दोगुनी करने का एक और मौका मिला। डिफेंस की एक चूक के कारण हिकारू कितागावा को गोल करने का बेहतरीन मौका मिल गया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की गोलकीपर अर्नोल्ड ने उनके प्रयास को नाकाम कर दिया।

दूसरा हाफ भी काफी तेजी से आगे बढ़ा। जहां एक तरफ जापान दूसरे गोल की तलाश में था, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने धीरे-धीरे गेंद पर अपना नियंत्रण बनाना शुरू किया और गोल के मौके बनाए। मिडफील्ड में गेंद पर कब्जा करने के बाद कायरा कूनी-क्रॉस ने एक लंबी दूरी से गोल करने की साहसी कोशिश की, लेकिन वह यामाशिता को परेशान करने में नाकाम रहीं और उन्होंने आसानी से उस शॉट को रोक लिया। मैच के आखिरी चरणों में, जापान ने पूरी तरह से डिफेंसिव रणनीति अपना ली और ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेल में बराबरी करने के लिए किए गए सभी हमलों को सफलतापूर्वक रोक दिया।




# भोपुरा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संपन्न

## मंत्री नरेंद्र कश्यप से लेकर सांसद अतुल गर्ग ने दिया मार्गदर्शन








**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान' के अंतर्गत भोपुरा मंडल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निर्देशानुसार और भोपुरा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सात महत्वपूर्ण सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति और भविष्य की कार्ययोजनाओं से अवगत कराया गया। **सात सत्रों में दिग्गजों का मिला मार्गदर्शन। महाभियान के दौरान सात सत्रों में वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया:**

**प्रथम सत्र:** सांसद अतुल गर्ग ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की शक्ति पर प्रकाश डाला। **द्वितीय सत्र:** राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। **तृतीय सत्र:** राजा वर्मा ने सांगठनिक विषयों पर चर्चा की। **चतुर्थ सत्र:** संजय कश्यप एवं मीत गर्ग ने संयुक्त रूप से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। **पंचम सत्र:** क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने वैचारिक अधिष्ठान पर जोर दिया। षष्ठम सत्रः शअनिल खेड़ा ने चुनावी प्रबंधन के गुर सिखाए। समापन सत्रः सातवें सत्र का समापन सांसद अतुल गर्ग द्वारा किया गया।

इस महाभियान की विशेषता क्षेत्रीय अध्यक्ष और मुख्य वक्ता मानसिंह गोस्वामी का रात्रि प्रवास रहा। उनके साथ पूरी मंडल टीम ने भी रात्रि प्रवास किया, जो कार्यकर्ताओं के बीच एकजुटता और अनुशासन का प्रतीक बना। दिन-रात की कड़ी मेहनत और सामूहिक प्रयासों से इस अभियान को सफल बनाया गया।

कार्यक्रम की सफलता में महानगर उपाध्यक्ष विनोद कसाना का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। समापन के अवसर पर मंडल अध्यक्ष विपिन डागर ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ऊर्जा का उपयोग आगामी सांगठनिक कार्यों में प्रभावी रूप से किया जाएगा।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष राजन वाल्मीकि, पार्षद रेखा गोस्वामी, पूर्व पार्षद तेजपाल राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसाना, जितेंद्र सेन, अमित कल्याणी, हरीश कसाना, उदयवीर, राजकुमार चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष डब्बी कसाना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोनी पुलिस को मिली बड़ी सफलता सरस्वती विहार चोरी कांड का खुलासा

शातिर 'गोली' गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी बार्डर थाना पुलिस ने 20 मार्च की रात को सरस्वती बिहार कॉलोनी में चोरों ने बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक चोर को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि 20 मार्च की रात को बार्डर थाने की इन्द्रापुरी चौकी इलाके की सरस्वती बिहार कॉलोनी में बंद पड़े मकान का चोरों ने ताला तोडकर सोने चांदी के जेबरात तथा कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए जब मकान मालिक को जानकारी मिली तो उसने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौका मोआयना कर मकान मालिक से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी तथा चोरों की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन कर दिया गया था।

22 मार्च को चेकिंग के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक शातिर चोर चोरी की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है पुलिस बताए गए ठिकाने पर पहुंची और घेराबंदी कर चोर को धर दबोचा। पूंछताछ में वो एक शातिर चोर निकला और चोरी की घटना को स्वीकार किया उसकी जामा तलाशी में सफेद धातु की दो जोडी पाजेब, 2 कमर के गुच्छा, 4 विछिया, एक पेंडल, एक सिक्का तथा एक कंगन पीली धातु एक पेंडल, बरसाती काला छाता एवं एक लाख 31 हजार 5, सौ रुपए एक प्लास बरामद हुए तथा पूछताछ में चोर ने अपना नाम भानु प्रकाश उर्फ गोली पुत्र प्रमोद कुमार वर्मा गोला मेडिकल स्टोर के पास सरस्वती बिहार बताया पुलिस ने चोर को बैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

# जिस सांप ने डसा उसी को डिब्बे में भरकर पहुंचा अस्पताल





**सिंभावली।** सांप काटने पर झाड़-फूंक या अंधविश्वास में समय न गंवाएं। इससे स्थिति गंभीर हो सकती है। केवल चिकित्सकीय उपचार ही प्रभावी और सुरक्षित उपाय है। इसलिए समय से अस्पताल वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचे।

यूपी के हापुड़ स्थित सिंभावली क्षेत्र के गांव रतूपुरा में रविवार को हैरान कर देने वाली घटना सामने आई। यहां सांप के डसने के बाद युवक ने घबराने के बजाय साहस दिखाते हुए उसी सांप को पकड़ लिया और उसे साथ लेकर अस्पताल पहुंच गया। युवक की इस बहादुरी को देखकर चिकित्सक और मौजूद लोग भी दंग रह गए।

जनपद मेरठ जनपद के गांव धौलड़ी रसूलपुर निवासी साजिद अपने मामा इब्राहिम के यहां रतूपुरा आया हुआ था। रविवार को वह गांव के पास बने स्विंग पुल पर नहा रहा था, तभी अचानक सांप ने उसके हाथ पर डस लिया। सांप के डसने के बाद भी साजिद ने संयम नहीं खोया और तुरंत उस सांप को पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर लिया।

इसके बाद वह परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिखैड़ा पहुंच गया। युवक के हाथ में सांप देखकर अस्पताल परिसर में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। सांप के डसने की जानकारी मिलते ही चिकित्सकों ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया और युवक की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे मेरठ रेफर कर दिया।

वहीं, पकड़े गए सांप को बाद में सुरक्षित तरीके से जंगल में छुड़वा दिया गया। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग युवक की हिम्मत की सराहना कर रहे हैं, वहीं चिकित्सक ऐसे मामलों में सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। सांप काटने पर झाड़-फूंक या अंधविश्वास में समय न गंवाएं। इससे स्थिति गंभीर हो सकती है। केवल चिकित्सकीय उपचार ही प्रभावी और सुरक्षित उपाय है। इसलिए समय से अस्पताल वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचे।

# पार्षद खुर्शीदा कल्लन ने किया सीसी रोड और नाली निर्माण का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 34, शहीद नगर में विकास की गति को तेज करते हुए क्षेत्रीय पार्षद खुर्शीदा कल्लन द्वारा निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। जी-ब्लॉक स्थित समाजसेवी काजल वाली गली में नाली एवं सीसी रोड के निर्माण कार्य का विधिवत नारियल तोड़कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद कल्लन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कॉलोनी में विकास कार्य शुरू होने पर स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। क्षेत्रवासियों ने हाजी मोहम्मद कल्लन का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पार्षद का आभार व्यक्त किया।

हाजी मोहम्मद कल्लन ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए ताकि स्थानीय लोगों को लंबे समय तक जलभराव और खराब रास्तों की समस्या से मुक्ति मिल सके। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वॉर्ड के अन्य हिस्सों में भी लंबित कार्यों को जल्द पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी काजल, वरिष्ठ नेता साबिर भाई, मोहम्मद अजीम मंसूरी, शाबुद्दीन सैफी, बब्बू निसार अहमद, शदाब, अनस भाई, यासिन, आसाम, बिट्टू सेट्रिंग वाले, हबीब, वाहिद, शौकीन, नन्नू अंसारी, शकील खाँ शाहनवाज आदि लोग मौजूद रहे।

# जिले के 550 स्कूली वाहनों की फिटनेस की होगी जांच




**हापुड़।** परिवहन विभाग में पंजीकृत जिले के 550 स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच होगी। प्रतिदिन 50 वाहनों की जांच एआरटीओ और पीटीओ करेंगे। वाहनों से स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर यह कदम शासन की ओर से उठाया गया है।

शासन के आदेश हैं कि स्कूल वाहनों के फिटनेस का एक अप्रैल से सत्यापन होगा। इसके लिए विभाग की तरफ से तैयारी तेज की गई हैं। छात्रों के सुरक्षित आवागमन के लिए 15 दिन तक एआरटीओ की देखरेख में विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। शासन के निर्देश के बाद विभाग फिटनेस जांच की तैयारी के लिए जुट गया है।

मामले में एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे का कहना है कि जिले में करीब 100 वाहनों की जांच की गई है, इसमें चालान कर जुमार्ना भी लगाया गया है। अभियान में शत-प्रतिशत स्कूल वाहनों का फिटनेस पूरा होने की जांच की जाएगी।

# हाईवे पर फटा तेज रफ्तार कार का टायर, कई मीटर तक फिसलकर ढाबे में जा घुसी, अल्मोड़ा जा रही निधि की मौत






मृतक निधि

**हापुड़।** हादसे का पूरा मंजर पास के ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि कार तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकराती है और कई पलटे खाने के बाद दूसरी गाड़ियों के बीच फंस जाती है।

यूपी के हापुड़ स्थित नेशनल हाईवे-9 स्थित नए बाईपास पर रविवार दोपहर सड़क हादसे में दिल्ली से अल्मोड़ा जा रही एक कार कुचेसर रोड चौपला के पास अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार कई पलटे खाते हुए पास के एक ढाबे में जा घुसी और वहां खड़ी दो गाड़ियों से टकरा गई। हादसे में कार चला रही दिल्ली निवासी युवती की मौत हो गई।

**दिल्ली से अल्मोड़ा जा रही थी निधिः** पुलिस के अनुसार दिल्ली के द्वारका सेक्टर-06 निवासी निधि कमाल (37) पुत्री हेमन्दू कमाल रविवार दोपहर करीब पौने दो बजे अपनी कार से दिल्ली से अल्मोड़ा की ओर जा रही थी।

नेशनल हाईवे 9 के नए बाईपास पर जैसे ही वह बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के कुचेसर चौपला स्थित सूर्य शिवा ढाबे के पास पहुंची, उनकी कार अचानक डिवाइडर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, डिवाइडर से टकराते ही कार का टायर फट गया और गाड़ी हवा में कई बार पलटते हुए सड़क किनारे ढाबे पर खड़ी दो अन्य कारों से जा भिड़ी।

# किताबों से रोशन हो रहे सपने : 11 वर्षों से चल रहा बुक एक्सचेंज मेला बना बदलाव का आंदोलन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वर्ण जयंती पार्क और शिप्रा रिवेरा में इन दिनों एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली—न कहीं औपचारिक मंच, न कोई भारी-भरकम आयोजन, लेकिन चारों ओर किताबों के बीच बैठे बच्चे, उनके चेहरे पर चमकता उत्साह और हाथों में अपने सपनों की चाबी।

यह नजारा था सिद्धायन्न फाउंडेशन द्वारा आयोजित नि:शुल्क बुक एक्सचेंज मेले का, जो पिछले 11 वर्षों से लगातार समाज में बदलाव की अलख जगा रहा है। यह मेला अब केवल किताबों के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि एक ऐसे सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है, जहाँ ज्ञान के साथ अवसर भी बाँटे जा रहे हैं। इस वर्ष आयोजित पहले तीन मेलों में महज दो दिनों के भीतर 500 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर न केवल किताबें हासिल कीं, बल्कि अपने भविष्य की दिशा भी तय की।

इन मेलों में शामिल कई बच्चे ऐसे थे, जिनके पास संसाधनों की कमी है, लेकिन सपनों की कोई कमी नहीं। किताबों को चुनते हुए उनकी आँखों में झलकती उम्मीद और चेहरे पर दिखता आत्मविश्वास यह साफ बता रहा था कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, अगर अवसर मिल जाए तो हर बच्चा आगे बढ़ सकता है। इस प्रेरणादायक पहल को और मजबूती तब मिली जब कुछ समर्पित शिक्षकों ने आगे आकर जरूरतमंद बच्चों को 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप देने का संकल्प लिया। वहीं कई अभिभावकों ने भी बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग का हाथ बढ़ाया। यह सहयोग केवल मदद नहीं, बल्कि किसी के भविष्य को नई दिशा देने का प्रयास है। फाउंडेशन की ओर से स्पष्ट किया गया कि यदि कोई बच्चा आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पा रहा है, तो वह नि:संकोच संपर्क कर सकता है और उसकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। साथ ही जो शिक्षक या परिवार समाज में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना चाहते हैं, उन्हें सीधे जरूरतमंद बच्चों से जोड़ा जाएगा, ताकि सहायता सीधे और प्रभावी रूप से पहुँच सके। सिद्धायन्न फाउंडेशन किसी भी प्रकार का आर्थिक सहयोग अपने नाम से स्वीकार नहीं करती, बल्कि केवल जरूरतमंद और सहयोग करने वालों के बीच एक सेतु का कार्य करती है। इसके अलावा संस्था समय-समय पर भंडारा, वस्त्र वितरण, वृक्षारोपण, निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग और गौशालाओं में सेवा जैसे सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का निरंतर प्रयास कर रही है।

## उद्घाटन





**साहिबाबाद, करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मोहन नगर स्थित डीएसएफ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री सुनील शर्मा ने कहा, खेल से बढ़ता है अनुशासन और भाईचारा।**




# बज रहा है गाजियाबाद वालों का अब प्रदेश में डंका

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की आजकल टीआरपी बहुत हाई चल रही है। बताया जा रहा है कि साहब, नंबर दो की पोजीशन वालों से लेकर नदिया पार वाले सर्किल के साहब और थ्री-स्टार से लेकर क्राइम कंट्रोल वालों का डंका चारों ओर बज रहा है। वहीं जानकारी यह है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम का इन दिनों प्रदेशभर में डंका बज रहा है। तो सूचना मिली है कि दिल्ली में भी मामला सेट हो गया है। इन खुलासों से ना सिर्फ प्रदेश वाले साहब बेहद खुश हैं बल्कि इस बात की चर्चा भी हो रही है कि गाजियाबाद वाले कैसे कमाल कर रहे हैं। उधर इस मामले में उन थ्री-स्टार का नाम भी सुर्खियों में आ रहा है, जिन्होंने मशीन से विदेशी को खोजने का बयान दिया था। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि जिस तरीके से छह आरोपियों को पकड़ने के बाद अबतक डेढ़ दर्जन वाली कार्रवाई हो चुकी है। उसमें रेलवे लाइन के बराबर वाले ऑफिस का बड़ा योगदान बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वहां के थ्री-स्टार और ब्रांच के साहब जमकर पसीना बहा रहे हैं। मेहनत तो पूरी टीम कर रही है और नाम नदिया पार वालों का भी चमक रहा है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि जिस तरीके से बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अभियान और उनके अधिकारी की लोकल प्रशंसा कर रहे हैं। तो जनप्रतिनिधियों ने भी अब एक के बाद एक वीडियो बनाकर संदेश देना शुरू कर दिया है। वही उस संगठन की भी वीडियो जारी की गई है जो लगातार पुलिस के निशाने पर रहता है। कुल मिलाकर जिस तरीके से इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की देश विरोधी गतिविधियों वाले मामले में एक के बाद एक कार्रवाई का डंका प्रदेश में बज रहा है। दिल्ली में बैठे अफसर और अधिकारियों की भी नजर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार जमी हुई है। वह देख रहे हैं कि कैसे बीट पुलिसिंग और इनपुट के सहारे बड़े-बड़े खुलासे किया जा रहे हैं। अब इस मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले साहब की सादगी और बेहतर काम की प्रशंसा होनी शुरू हो गई है। तो अब बताया जा रहा है कि जल्द ही ध्वज प्रणाम वाले भी इसके लिए बाकायदा सम्मान और अभियान चलाने वाले हैं। जिसके रोचक परिणाम आने हैं।




# आरएसएस शताब्दी वर्ष : वसुंधरा में 'प्रमुख जन गोष्ठी' का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वसुंधरा और वैशाली की शाखाओं के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को वसुंधरा में 'प्रमुख जन गोष्ठी' संपन्न हुई। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने भारी संख्या में शिरकत की और देश निर्माण में अपनी भूमिका को लेकर संवाद किया। अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने समाज के समक्ष मौजूद वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की और 'पंच परिवर्तन' जैसे सिद्धांतों को जीवन में उतारकर विकसित भारत का संकल्प लिया। विभाग बौद्धिक प्रमुख चंद्रभानु ने संघ की 100 वर्ष की विकास यात्रा और इसके विभिन्न आनुषांगिक संगठनों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में सैकड़ों से अधिक प्रतिष्ठित नागरिकों ने भाग लिया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महापुरुषों पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

# पार्षद मदन राय ने किया विकास कार्य का उद्घाटन






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेन्द्र नगर वार्ड 86 रविवार को पार्षद मदन राय ने एचआई पार्क के विकास कार्य का उद्घाटन किया गया। लंबे समय से पार्क के सौंदर्यीकरण और विकास की प्रतीक्षा कर रहे स्थानीय निवासियों के चेहरे इस नई सौगात से खिल उठे। इस दौरान स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम के सहयोग से वार्ड में बुनियादी सुविधाओं और हरियाली को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे क्षेत्र का वातावरण बेहतर होगा। पार्षद मदन राय ने इस अवसर पर कहा कि वार्ड के पार्कों का रखरखाव और सौंदर्यीकरण उनकी प्राथमिकता है ताकि बुजुर्गों और बच्चों को एक स्वस्थ वातावरण मिल सके। मुख्य रूप से जसविंदर सिंह, एस.एन. त्यागी, एल.के. दुबे, नरसिंह गुप्ता, सुमन, ऋतु सिंह, सुधा मेहरा, सतीश शर्मा, विनय जैन, ए.के. वर्मा, आर.के. शर्मा और गोपाल भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे। सभी ने पार्षद द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधु गर्ग बुक बैंक चलाती हैं और शिक्षा की एक अलख उन्होंने जला रखी है। यहां की सबसे बड़ी खूबी ये है कि देने वाले का चेहरा तो होता है, लेकिन जो किताब लेता है उसका चेहरा कभी नहीं होता। यही दान की महीमा है और ये गोपनीयता का सम्मान है। किसी चेहरे ने किताबों का दान किया है और किसी को पुस्तकों का उपहार मिला है। बुक बैंक चलाने वाली विधु गर्ग की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

# ब्रिटेन ने उतारी होर्मुज के पास परमाणु पनडुब्बी

## ईरान ने डिएगो गार्सिया की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं



**क्रूज मिसाइलों से लैस है पनडुब्बी**

**लंदन।** अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ब्रिटेन की एक परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी एचएमएस एनसॉन के अरब सागर में पहुंचने की खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह तैनाती ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तेज करने की चेतावनी दे चुका है, जिससे क्षेत्र में पश्चिमी देशों की नौसैनिक मौजूदगी बढ़ती दिख रही है।

ब्रिटिश मीडिया ने सैन्य सूत्रों के हवाले से बताया कि एक न्यूक्लियर पावर वाली रॉयल नेवी सबमरीन अरब सागर में पहुंच गई है, जो ईरान पर क्रूज मिसाइल से हमला करने में सक्षम है। डेली मेल ने बताया कि सबमरीन, एचएमएस एनसन में टॉमहॉक ब्लॉक क्ष लैंड-अटैक मिसाइलें और स्पीयरफिश हेवीवेट टॉरपीडो लगे हैं, और माना जा रहा है कि यह उत्तरी अरब सागर के गहरे पानी में है। इसका मतलब है कि अगर लड़ाई बढ़ती है तो ब्रिटिश सेना के पास ईरान पर हमला करने की क्षमता है। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग को सुरक्षित रखने के लिए योजना बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम कर रहा है।

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अपने ब्रिटिश समकक्ष यवेट कूपर को ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के हमले में कोई भी मदद न करने की चेतावनी दी और कहा कि इस तरह की मदद से तनाव और बढ़ेगा।

बाद में अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, ज्यादातर ब्रिटिश लोग ईरान पर इस्राइल-अमेरिका की अपनी पसंद की लड़ाई में कोई हिस्सा नहीं लेना चाहते हैं। अपने ही लोगों को नजरअंदाज करके, स्टार्मर ब्रिटेन बेस को ईरान के खिलाफ हमले के लिए इस्तेमाल करने की इजाजत देकर ब्रिटिश लोगों की जान खतरे में डाल रहे हैं। ईरान अपनी सुरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेगा।ब्रिटेन ने इसका विरोध किया है। उसी बातचीत में, कूपर ने ईरान को ‘ब्रिटेन के बेस, इलाके या हितों’ को टारगेट करने के खिलाफ चेतावनी दी और आगे तनाव बढ़ने के खतरे पर जोर दिया।बीते दिनों ईरान ने डिएगो गार्सिया की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। बता दें, डिएगो गार्सिया हिंद महासागर में अमेरिका-ब्रिटेन का रणनीतिक रूप से खास संयुक्त बेस है। हालांकि, ईरान की ओर से दागी गई दोनों में से कोई भी मिसाइल अपने टारगेट पर नहीं लगी।

एक कथित तौर पर उड़ान के बीच में फेल हो गई, जबकि दूसरी को अमेरिकी नेवल इंटरसेप्टर ने निशाना बनाया। इस हमले की कोशिश ने ईरान की मिसाइल क्षमताओं को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं क्योंकि डिएगो गार्सिया ईरानी इलाके से लगभग 4,000 किलोमीटर दूर है, जिससे पहले के अंदाजे से ज्यादा रेंज होने का संकेत मिलता है।

### ब्रिटेन ने अमेरिका को ब्रिटिश बेस का इस्तेमाल करने की इजाजत दी

अगर प्रधानमंत्री से इजाजत मिलती है, तो एचएमएस एनसन को फायर करने का आदेश दिया जाएगा और यह सतह के करीब जाकर चार मिसाइलें दागेगा। डाउनिंग स्ट्रीट के एक बयान के मुताबिक, शुक्रवार को ब्रिटेन ने अमेरिका को ब्रिटिश बेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देने पर सहमति जताई थी, ताकि ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर हमला करने के लिए इस्तेमाल की जा रही मिसाइल साइट्स और क्षमताओं को नष्ट किया जा सके।

# इस्राइल-यूएस ने 80,000 से ज्यादा नागरिक ठिकानों पर किए हमले, ईरानी अधिकारी ने किया दावा



**तेहरान।** ईरानी अधिकारी ने दावा किया है कि अमेरिका और इस्राइल ने 80,000 नागरिक ठिकानों पर हमले किए, जिनमें स्कूल और अस्पताल भी शामिल हैं। इन हमलों में सैंकड़ों लोगों की जान गई है।

ईरान रेड क्रेसेंट सोसायटी के अध्यक्ष पीरहुसैन कोलिवंद ने अमेरिका और इस्राइल पर बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई में इन दोनों देशों ने 80,000 से ज्यादा नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है। कोलिवंद ने विदेशी मीडिया से बात करते हुए कहा कि इन हमलों में अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन हुआ है।

**क्या बोले अधिकारी**

कोलिवंद के अनुसार, 20,000 से ज्यादा हमले अकेले तेहरान में हुए हैं। बाकी 60,000 हमले देश के अन्य इलाकों में हुए। इन हमलों में लगभग 18,790 व्यापारिक संस्थान, 266 मेडिकल सेंटर और 498 स्कूलों को नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि इन हमलों में ईरान के 12 स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हुई है और 90 से ज्यादा घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा, युद्ध शुरू होने से अब तक सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इनमें बच्चे और 231 महिलाएं भी शामिल हैं। कुछ मीडिया रिपोर्टों का दावा है कि इस युद्ध में अब तक 1,500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

इसी बीच, ईरान की सेना (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने देश के मध्य हवाई क्षेत्र में इस्राइल के एक एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान की सेना ने तेल अवीव के पास बेन गुरियन एयरपोर्ट पर सैन्य विमानों के ईंधन टैंकों पर भी हमला किया है।

ईरानी प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फागरी ने चेतावनी दी है कि अगर संयुक्त अरब अमीरात की जमीन से ईरान पर हमले हुए, तो वे रास अल-खैमाह पर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता पर होने वाले हर हमले का जवाब उसी जगह देगा जहां से हमला हुआ है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका ने तेहरान समेत कई शहरों पर हमला किया था।

# ओमान में भीषण बाढ़ से भारी नुकासन की आशंका, दो भारतीय समेत 18 लोगों की मौत




**मस्कट।** ओमान के अल बतिनाह में आई अचानक बाढ़ में केरल के एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब उनकी गाड़ी पानी के तेज बहाव में बह गई। कांग्रेस नेता वी.डी. सतीशन ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर ओमान सरकार के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन तेज करने की अपील की है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को ओमान के अल बतिनाह गवर्नर के पास एक वाहन अचानक आए मूसलाधार पानी की चपेट में आ गया। चश्मदीदों के मुताबिक, पानी का बहाव इतनी तेजी से आया कि वाहन में सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इस त्रासदी में यूसुफ और शामला नामक दंपती की जान चली गई। वहीं, रामला नाम की एक महिला अभी भी लापता हैं। हालांकि, ओमान पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई है।

### पीएम मोदी से लगाई मदद की गुहार

ओमान से दुखद खबर सामने आने के बाद केरल के कांग्रेस नेता वी.डी. सतीशन ने पीएम मोदी से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ओमान के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समन्वय स्थापित करे, जिससे राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाई जा सके।

सतीशन ने अपने पत्र में कहा कि लापता महिला रामला की तलाश के लिए चलाए जा रहे 'सर्च ऑपरेशन' को और मजबूत करने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि क्षेत्र में भारी बारिश का सिलसिला थमा नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही साथ, मृतकों के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द स्वदेश लाने की व्यवस्था की जाए।

# दुश्मन नहीं, सिर्फ दोस्तों के लिए खुलेगा होर्मुज ट्रंप की चेतावनी के बाद भी नहीं बदले ईरान के तेवर




**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान ने बड़ा बयान दिया है कि यह रास्ता पूरी तरह बंद नहीं होगा, लेकिन दुश्मन देशों के लिए सीमित किया जा सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की कड़ी चेतावनी के बाद ईरान के तेवर में कोई बदलाव नहीं आया है। वह अभी भी अपने दुश्मन देशों को होर्मुज का रास्ता नहीं इस्तेमाल करने देगा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर नई सियासी और सैन्य हलचल तेज हो गई है। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह इस अहम समुद्री रास्ते को पूरी तरह बंद नहीं करेगा, लेकिन दुश्मन देशों के लिए इसे सीमित कर सकता है। हालांकि ट्रंप ने इस होर्मुज के रास्ते को खोलने के लिए चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद ईरान ने अपने दुश्मन देशों के लिए होर्मुज का रास्ता खोलने से इनकार कर दिया।

ईरान के प्रतिनिधि अली मौसवी ने कहा है कि विदेशी जहाज होर्मुज से गुजर सकते हैं, लेकिन उन्हें ईरान के साथ समन्वय करना होगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए खुला रहेगा जो ईरान के विरोधी नहीं हैं। उनका कहना है कि मौजूदा तनाव की जड़ अमेरिका और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में हालात बिगड़े हैं।

ईरान ने अपने बयान में दोहरा संदेश दिया है। एक तरफ वह कह रहा है कि समुद्री रास्ता पूरी तरह बंद नहीं होगा, ताकि वैश्विक व्यापार प्रभावित न हो।

दूसरी तरफ उसने साफ कर दिया है कि दुश्मन देशों के जहाजों को रोकने का अधिकार वह अपने पास रखता है। इससे संकेत मिलता है कि ईरान होर्मुज को एक रणनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है।

### ट्रंप की चेतावनी का क्या असर पड़ा?

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी थी कि अगर होर्मुज पूरी तरह नहीं खोला गया तो अमेरिका ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला कर सकता है। इस सख्त रुख के बाद भी ईरान की रणनीति में कोई बदलाव नहीं आया। दोनों देशों के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है।

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है, जहां से करीब 20 प्रतिशत तेल और गैस की सप्लाई गुजरती है। अगर यह रास्ता बंद होता है तो वैश्विक बाजार में तेल और गैस की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। हाल के हमलों और तनाव के कारण पहले ही ऊर्जा बाजार में उथल-पुथल देखने को मिल रही है।

ईरान के इस बयान से साफ है कि वह पूरी तरह टकराव नहीं चाहता, लेकिन दुश्मनों के लिए वो जरा सी भी नरमी नहीं बरतेगा। अमेरिका की सैन्य चेतावनी और ईरान की शर्तों के बीच हालात बेहद नाजुक बने हुए हैं। आने वाले दिनों में यह तय होगा कि स्थिति कूटनीति की ओर बढ़ती है या संघर्ष और तेज होता है।

# होर्मुज में माइनस्वीपर्स तैनात करेगा जापान



**दुबई।** होर्मुज में जहाजों की आवाजाही तकरीबन बंद है। वहीं जापान इस इलाके को साफ करने के लिए माइनस्वीपर्स की तैनाती करेगा, जिससे जहाजों की सुरक्षित आवाजाही हो सके। इसी बीच एक ईरानी सांसद ने दावा किया है कि होर्मज से जा रहे जहाजों से करोड़ों रुपये का शुल्क लिया जा रहा है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में दुनिया के कई देश भी शामिल हो रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि उसके सहयोगी देश, जैसे जापान, ब्रिटेन, फ्रांस, अपने युद्धपोत भेजें ताकि होर्मुज रास्ते को सुरक्षित बनाया जा सके। वहीं, जापान ने कहा है कि वह सीधे युद्ध में नहीं उतरेगा, लेकिन अगर युद्धविराम होता है तो वह माइंस (समुद्री बारूदी सुरंग) हटाने में मदद कर सकता है। जापान के लिए यह मामला बहुत गंभीर है, क्योंकि उसका करीब 90% तेल इसी रास्ते से आता है। इसलिए अगर यह रास्ता बंद रहता है, तो दुनियाभर में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं और बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य में अभी क्या हो रहा है:** होर्मुज जलडमरूमध्य इस समय दुनिया के लिए सबसे बड़ा चिंता का विषय बन गया है। यह एक बहुत अहम समुद्री रास्ता है, जहां से दुनिया का करीब 20% तेल और गैस गुजरता है। लेकिन अभी हालात ऐसे हैं कि यहां से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। ईरान ने कहा है कि यह रास्ता पूरी तरह बंद नहीं है, लेकिन उसने एक बड़ी शर्त रख दी है। ईरान के मुताबिक, सिर्फ वही जहाज यहां से गुजर सकते हैं जो उसके दुश्मन देशों से जुड़े नहीं हैं। साथ ही, उन्हें पहले ईरान के साथ सुरक्षा और समन्वय करना होगा। यानी बिना ईरान की मंजूरी अब कोई जहाज आसानी से नहीं निकल सकता।

ट्रंप ने ईरान को दी सख्त चेतावनी

इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर 48 घंटे के अंदर यह रास्ता पूरी तरह नहीं खुला, तो अमेरिका ईरान के पावर इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला कर सकता है। इससे पूरे क्षेत्र में युद्ध का खतरा और बढ़ गया है।

ईरान का कहना है कि वह बातचीत के लिए तैयार है और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहता है। लेकिन उसने साफ कहा कि असली समस्या अमेरिका और इस्राइल की कार्रवाई है, जिसकी वजह से यह स्थिति बनी है।

### ईरानी संसद का दावा- जहाजों से लिए जा रहे शुल्क

इसी बीच एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। ईरान के एक सांसद ने दावा किया है कि कुछ जहाजों से होर्मुज से गुजरने के लिए 20 लाख डॉलर (करीब 16–17 करोड़ रुपये) तक का शुल्क लिया जा रहा है। यानी अब यह सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि आर्थिक दबाव का भी खेल बन गया है।

# ईरान ने F-35 के बाद अमेरिका के F-15 फाइटर जेट को होर्मुज के पास बनाया निशाना



**तेहरान।** फरवरी 2026 के अंत से ही ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच सीधा सैन्य टकराव जारी है। पिछले कुछ हफ्तों में तनाव इस कदर बढ़ा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दे दी। ट्रंप ने कहा कि अगर अगर होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल की आवाजाही को बाधित किया गया, तो ईरान के पावर प्लांट पर हमले किए जाएंगे।

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान ने दावा किया है कि उसने होर्मुज के पास अमेरिका के क्ष15 फाइटर जेट को मार गिराया है। यह खबर ऐसे समय में आई है जब पूरा मध्य पूर्व युद्ध की आग में झुलस रहा है। वैश्विक तेल आपूर्ति का सबसे बड़ा मार्ग यानी 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' रणक्षेत्र बना हुआ है।

### वीडियो साक्ष्य के साथ पुख्ता होने का दम

ईरान के सरकारी मीडिया आउटलेट्स ने इस घटना का एक वीडियो भी जारी किया है। ईरानी 'जॉइंट एयर डिफेंस कमांड' के मुताबिक, उनके रडार ने दक्षिण तट के पास एक अज्ञात लड़ाकू विमान की पहचान की थी। चेतावनी के बावजूद जब विमान ने अपनी दिशा नहीं बदली, तो ईरानी मिसाइल ने उसे लॉक किया और ध्वस्त कर दिया। ईरान का कहना है कि अमेरिकी विमान सीधे तौर पर उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा था। जारी किए गए वीडियो में आसमान में एक जोरदार धमाका होता दिखाई दे रहा है।

बता दें कि फरवरी 2026 के अंत से ही ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच सीधा सैन्य टकराव जारी है। पिछले कुछ हफ्तों में तनाव इस कदर बढ़ा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल की आवाजाही को बाधित किया गया, तो ईरान के बुनियादी ढांचे पर भीषण हमले किए जाएंगे। ईरान का यह ताजा पलटवार उसी चेतावनी का जवाब माना जा रहा है।

हालांकि, अमेरिकी रक्षा विभाग ने अभी तक अपने किसी F-15 विमान के गिरने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इससे पहले भी मार्च की शुरूआत में ईरान ने एक F-35 विमान को गिराने का दावा किया था। लेकिन अमेरिका ने इसे खारिज कर दिया था। बता दें कि इस्राइल-अमेरिका और ईरान की जंग की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल देखा गया। दुनिया के कुल तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है।

# कतर हेलिकॉप्टर क्रैश में तुर्की के मेजर समेत सात लोगों की मौत



**लापता कैप्टन का शव हुआ बरामद**

**दोहा।** कतर के आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि रविवार सुबह कतर में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सात लोग की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में एक व्यक्ति अभी भी लापता है। मंत्रालय ने बताया कि लापता व्यक्ति की तलाश के लिए बचाव अभियान तेज कर दिया गया है।

कतर में हुए हेलिकॉप्टर क्रैश में मारे गए छह में से तीन तुर्की नागरिक थे। दोहा ने रविवार को एक बयान जारी कर बताया कि मिलिट्री हेलिकॉप्टर हादसे में छह लोग मारे गए जबकि एक लापता है। इसमें छह लोगों के नाम का भी खुलासा किया गया। तुर्की की ओर से भी एक रिलीज जारी की गई, जिसमें सशस्त्र बलों के एक सदस्य और तुर्की की डिफेंस कंपनी के दो तकनीशियनों के मारे जाने की पुष्टि की गई।

बताया कि 21 मार्च की शाम को, कतर सशस्त्र बलों का एक हेलिकॉप्टर, जो कतर-तुर्की संयुक्त बल कमान के तत्वावधान में प्रशिक्षण गतिविधियां संचालित कर रहा था। तत्काल चलाए गए खोज और बचाव अभियानों के परिणामस्वरूप, हेलिकॉप्टर का मलबा और हमारे शहीदों के पार्थिव शरीर बरामद किए गए।

### बचाव कार्य में लगे कई यूनिट्स

इससे पहले, कतर के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर मृतकों के नाम बताए थे। बयान में कहा गया कि सुबह चले खोज और बचाव अभियानों के तहत, कतर सशस्त्र बलों के कैप्टन (पायलट) मुबारक सलेम दवाय अल-मारी, सार्जेंट फहद हादी गनेम अल-खयारिन, और कॉर्पोरल मोहम्मद माहेर मोहम्मद; कतर-तुर्की संयुक्त बलों के मेजर सिनान ताशतेकिन; और विमान के यात्रियों में शामिल तुर्की के नागरिक सहयोगी सुलेमान जेमरा कहरामन और इस्माइल अनास कैन की मृत्यु हो गई। वहीं, कतर सशस्त्र बलों के लापता कैप्टन (पायलट) सईद नासिर समेख की खोज के लिए अभियान जारी रखा गया।

# ईरान में अपनी सेना उतारने की तैयारी में अमेरिका

## रिपोर्ट में दावा किया कि हजारों मरीन पहले ही हो चुके रवाना




**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच अमेरिकी की एक बड़ी तैयारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप के फैसले से पहले अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ईरान में अमेरिकी सेना भेजने की योजना तैयार है। हालांकि, फिलहाल सरकार ने साफ किया है कि सेना भेजने का कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है, लेकिन हालात तेजी से बदल रहे हैं।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इस्राइल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब अपने 23वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी उग्र हालात के बीच एक बार फिर अमेरिका से एक बड़ी खबर सामने आ रही है।

ईरान के साथ बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने एक बड़ा कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पेंटागन ने ईरान में जरूरत पड़ने पर अमेरिकी जमीनी सेना (ग्राउंड ट्रूप्स) भेजने के लिए पूरी योजना तैयार कर ली है। सूत्रों के अनुसार, यह योजना तब लागू हो सकती है जब डोनाल्ड ट्रंप आगे कोई बड़ा फैसला लेते हैं। हालांकि, अभी तक ट्रंप ने यह तय नहीं किया है कि किन हालात में वह सेना भेजने की मंजूरी देंगे।

### क्या है योजना, क्या कहती है रिपोर्ट

मामले में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि पेंटागन का काम राष्ट्रपति को हर स्थिति के लिए तैयार रखना है। इसका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका ने ईरान में सेना भेजने का अंतिम फैसला कर लिया है।

उन्होंने साफ किया कि फिलहाल ग्राउंड ट्रूप्स भेजने की कोई योजना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेना ने ईरान में संभावित कार्रवाई के दौरान लोगों को पकड़ने और हिरासत में रखने की भी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए जगह और व्यवस्था पर भी चर्चा हो रही है।

### युद्ध में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा अमेरिका

इसी बीच, 82वीं एयरबोर्न डिवीजन को भी तैयार रखा जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत तैनात किया जा सके। इसके अलावा मरीन कॉर्प्स की टुकड़ियां भी पश्चिम एशिया की ओर भेजी जा रही हैं। बताया जा रहा है कि हजारों अमेरिकी मरीन सैनिक पहले ही इस क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में करीब 2,200 मरीन सैनिकों के साथ तीन नौसैनिक जहाज कैलिफोर्निया से रवाना हुए हैं। ऐसे में इन सभी तैयारियों से साफ है कि अमेरिका इस समय हर स्थिति के लिए खुद को मजबूत कर रहा है और जरूरत पड़ने पर बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। हालांकि, अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रंप के हाथ में ही है।

### सूडान के अस्पताल पर हमले में मृतकों का आंकड़ा 64 हुआ

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शनिवार को बताया कि पिछले हफ्ते सूडान के पश्चिमी दारफुर इलाके में एक अस्पताल पर हुए हमले में कम से कम 64 लोग मारे गए, जिनमें कम से कम 13 बच्चे भी शामिल थे। डब्लूएचओ के प्रमुख टेड्रोस गैब्रेसियस ने एक्स पर बताया कि शुक्रवार को पूर्वी दारफुर के अल दाईन टीचिंग अस्पताल पर हुए हमले में कम से कम 89 लोग घायल भी हुए। अप्रैल 2023 में सूडान में तब अफरा-तफरी मच गई, जब सेना और उसकी विरोधी पैरामिलिट्री फोर्स, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच सत्ता की लड़ाई पूरे देश में युद्ध में बदल गई। आरएसएफ ने अस्पताल पर हमले के लिए सेना को जिम्मेदार ठहराया है।

सेना ने इस हमले से इनकार किया है, लेकिन दो सैन्य अधिकारियों ने बताया कि यह हमला पास के एक पुलिस स्टेशन को निशाना बनाकर किया गया था। उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि उन्हें इस मामले पर खुलकर बात करने की इजाजत नहीं थी।

23 Mar -26 page 8 22-03-2026 10:28 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# राम अवतार जिंदल को व्यापार प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भव्य स्वागत

## चामुंडा देवी मंदिर में आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से किया सम्मान, संगठन विस्तार पर दिया जोर








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 22 मार्च 2026 को जनपद बुलंदशहर के गांव खिदराबाद स्थित चामुंडा देवी मंदिर परिसर में राम अवतार जिंदल को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने इसे एक सशक्त संगठनात्मक प्रदर्शन का रूप दे दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राम अवतार जिंदल का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने व्यापारिक वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने और संगठन को देशभर में मजबूत करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि व्यापार प्रकोष्ठ को केवल औपचारिक इकाई न बनाकर इसे जमीनी स्तर पर सक्रिय किया जाएगा, ताकि छोटे और मध्यम व्यापारियों की आवाज सीधे पार्टी नेतृत्व तक पहुंचे और उनके हितों की प्रभावी पैरवी हो सके।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित दयाराम भार्गव (राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता) तथा विनोद गुप्ता (प्रदेश उपाध्यक्ष, व्यापार प्रकोष्ठ) ने भी जिंदल के नेतृत्व को संगठन के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि उनके अनुभव से पार्टी को नई दिशा मिलेगी और व्यापार प्रकोष्ठ मजबूत होगा। इस मौके पर आयोजक विनय भारद्वाज (प्रदेश उपाध्यक्ष, पश्चिमांचल) ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राम अवतार जिंदल के नेतृत्व में व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाएगा।

समारोह में रामकिशन शर्मा, संजय शर्मा, सुधीर पाठक, छत्रपाल शर्मा, सुखबीर शर्मा, नीरज शर्मा, आजाद भाटी, कमल शर्मा, वीरेंद्र सिंह, मोहित मास्टर, दीवान जी, कुलदीप कश्यप, रेवती सिंह, कमल सिंह, निरंजन सिंह, मथुरा प्रधान, बनवारी लाल, योगेंद्र, सुभाष, जय भगवान नगर सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने जिंदल को फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और उनके नेतृत्व में संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने 5 करोड़ के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

## सड़क निर्माण से पेयजल आपूर्ति के हुए काम कहा लोनी विकास के पथ पर बढ़ रही है आगे





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने 5 करोड़ के विकास कार्य जनता को समर्पित किए। विधायक ने इस दौरान भूपखेड़ी में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, लिंक रोड़ निर्माण व पेयजल आपूर्ति हेतु टंकी निर्माण कार्य पूर्ण होने पर उसका उद्घाटन किया। वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जल अर्पण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम शकलपुरा में 2 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से निमार्णाधीन पेयजल आपूर्ति टंकी का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक का ग्रामीणों ने आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

विधायक ने कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण कर, जलसंरक्षण का भी संदेश दिया गया। कोमल वंदना गुर्जर ब्लॉक प्रमुख, भाजपा नेता पवन मावी ग्राम प्रधान रवि, प्रधान गौरव शर्मा, वीरेंद्र कसाना, प्रताप मास्टर जी, मास्टर शील भाटी, मास्टर महेंद्र सिंह भाटी, धर्मेंद्र प्रधान (कोतवालपुर), सहदेव प्रधान (बदरपुर नवादा), कार्यक्रम की अध्यक्षता हरनाम बाबूजी, मास्टर अजब सिंह, सुखबीर जी, मास्टर भगत सिंह, जोगिंदर (बीडीसी), सूरज नेताजी, भारत भूषण (एक्सईएन जल निगम), जेई आनंद, रवि एवं सुमित सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

उद्घाटन पश्चात लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा लोनी क्षेत्र के प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। ग्राम शकलपुरा में इस टंकी के निर्माण से सैकड़ों परिवारों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्राप्त होगी। हम निरंतर क्षेत्र के विकास और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नगरपालिका क्षेत्र में भी लगातार हम लोगों के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु कार्य कर रहे है। क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इस तरह की योजनाएं आम जनमानस के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आज शिक्षा, चिकित्सा, संपर्क मार्ग, पेयजल आपूर्ति, शिवराज सिस्टम, विद्युत व्यवस्था सुदृढ़करण को लेकर उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। ब्लॉक प्रमुख कोमल गुर्जर ने कहा लगातार ब्लॉक देहात के लिए कार्य कर रही है।

आज ग्राम की सड़कें आवागमन हेतु सुगम हुई है लोनी ब्लॉक आदर्श बनाएं इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर और सरकार का आभार जताते हुए कहा पेयजल व्यवस्था गांव के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत नोएडा पुलिस का अभियान तेज

## महिलाओं को साइबर अपराध व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा मिशन शक्ति अभियान-5.0 के (द्वितीय चरण) तहत रविवार को महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति टीम ने महिला सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं के बारे में बताया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। महिलाओं को बताया गया कि अगर वे घरेलू हिंसा की शिकार होती हैं या कोई उन्हें बेवजह परेशान कर रहा है तो कहां और कैसे शिकायत करनी है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में तथा डीसीपी महिला सुरक्षा अनुकृति शर्मा के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज मिशन शक्ति टीम द्वारा स्कूल, कॉलेजों, मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद करते हुए उन्हें महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ह्यमिशन शक्ति 5.0ह्ल अभियान, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित प्रावधान, बाल विवाह निषेध, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान एवं महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया।

डीसीपी महिला सुरक्षा अनुकृति शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा पम्पलेट वितरण के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे डायल-112, महिला हेल्पलाइन-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 तथा वन स्टॉप सेंटर-181 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या समस्या होने पर बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनकी सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया।

# साइकिल की मामूली टक्कर से कौशांबी में हंगामा

## बच्चों के झगड़े ने लिया हिंसक रूप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कौशांबी थानाक्षेत्र के भोवापुर इलाके में एक मामूली साइकिल टक्कर ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। शुरूआत बच्चों के बीच हुए छोटे झगड़े से हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दो परिवार आमने-सामने आ गए और हिंसक झड़प शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों पक्षों के महिला, पुरुष और बच्चे तक इस झगड़े में शामिल हो गए। लात-घूंसे, पत्थरबाजी और बेल्ट तक चलने लगीं, जिससे कई लोग घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग सहम गए।

इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे मामूली विवाद अचानक बड़े झगड़े में तब्दील हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि बाद में दोनों परिवारों के बीच आपसी बातचीत के जरिए समझौता हो गया और मामला शांत हो गया।

पुलिस की ओर से फिलहाल किसी बड़ी कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर छोटी-छोटी बातों पर बढ़ते विवादों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# लिंक रोड पुलिस का ड्रग नेटवर्क पर बड़ा प्रहार

## 40 लाख की अफीम-हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। लिंक रोड थाना पुलिस और एएनटीएफ मेरठ की संयुक्त टीम ने कौशांबी बस अड्डे के पास से तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर एक संगठित ड्रग नेटवर्क का पदार्फाश किया है।

आरोपियों के कब्जे से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 40 लाख रुपये कीमत की अफीम और हेरोइन बरामद की गई है। इसके अलावा एक स्कूटी, तीन मोबाइल फोन और नकदी भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुलजार त्यागी (महाराजपुर), आमिर खान (बड़ी मस्जिद क्षेत्र) और साहिल (नंद नगरी, दिल्ली) के रूप में हुई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह दिल्ली के नंद नगरी इलाके में सक्रिय एक महिला तस्कर से मादक पदार्थ लाकर गाजियाबाद और पूरे एनसीआर में सप्लाई करता था। इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड गुलजार त्यागी बताया जा रहा है, जो अपने सहयोगियों के जरिए सप्लाई चेन को संचालित करता था। आमिर और साहिल माल उठाने और डिलीवरी करने का काम संभालते थे।

### ऑन-डिमांड ड्रग सप्लाई, सोशल मीडिया का इस्तेमाल

करंट क्राइम : पुलिस की अब तक जांच में एक अहम खुलासा यह भी हुआ है कि यह गिरोह ऑन-डिमांड ड्रग सप्लाई करता था। ग्राहकों से संपर्क करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाता था। ऑर्डर मिलने के बाद तय स्थानों पर सप्लाई दी जाती थी, जिससे पुलिस की पकड़ से बचने की कोशिश की जाती थी। तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। इनके खिलाफ पहले से ही एनडीपीएस एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस लंबे समय से इनकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी और सटीक सूचना मिलने के बाद कौशांबी बस अड्डे के पास घेराबंदी कर इन्हें गिरफ्तार किया गया।

### लिंक रोड पुलिस के रडार पर था गैंग

करंट क्राइम : थाना लिंक रोड प्रभारी रविंद्र पंत ने बताया कि यह गिरोह काफी समय से सक्रिय था और लगातार लोकेशन बदलकर काम करता था। पुलिस को इनके नेटवर्क की पहले से जानकारी थी, लेकिन इस बार इन्हें रंगे हाथों पकड़ने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई, जिसमें सफलता मिली।

### सीपी के ऑपरेशन प्रहार को मिल रहा जनसमर्थन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में चल रहे ऑपरेशन प्रहार को लगातार सफलता मिल रही है। जिले के जनप्रतिनिधि भी इस अभियान की खुलकर सराहना कर रहे हैं और सोशल मीडिया के जरिए पुलिस की कार्रवाई को समर्थन दे रहे हैं। पुलिस कमिश्नर का साफ कहना है कि नशे के कारोबार पर पूरी तरह से शिकंजा कसने के लिए अभियान और तेज किया जाएगा। आने वाले दिनों में स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर युवाओं को नशे से दूर रखने की मुहिम भी तेज होगी। जिस तरह से कौशांबी बस अड्डे के पास हुई यह कार्रवाई सिर्फ तीन तस्करों की गिरफ्तारी भर नहीं है, बल्कि यह गाजियाबाद और एनसीआर में फैले एक बड़े ड्रग नेटवर्क पर सीधा प्रहार है। ऑपरेशन प्रहार के जरिए पुलिस ने यह साफ कर दिया है कि अब जिले में नशे के कारोबार के लिए कोई जगह नहीं बचने वाली है।

# जेवर में ट्रेन की चपेट में बुजुर्ग की मौत

## ट्रैक पार करते समय दर्दनाक हादसा

### जीआरपी ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा




**नोएडा (करंट क्राइम)।** जेवर में ट्रेन की टक्कर से बुजुर्ग की मौतःरेलवे ट्रैक पार करते समय हादसा, शव की नहीं हो पाई पहचान पुलिस आसपास के थानों और स्थानीय लोगों की मदद से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर एक अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पार करते समय हुई।

जानकारी के अनुसार, लगभग 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि शव के टुकड़े दूर-दर तक बिखर गए। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव के अंगों को एकत्र कर पंचनामा किया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जीआरपी चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी घनश्याम ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 65 वर्ष प्रतीत हो रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों और स्थानीय लोगों की मदद से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक के बारे में जानकारी जुटा रही है। जीआरपी पुलिस का कहना है कि पहचान होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर क्राइम का खौफ, महिला की छवि से छेड़छाड़

## इंस्टाग्राम हैक कर वायरल की गई आपत्तिजनक सामग्री

### जांच में जुटी पुलिस



**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र की सोसाइटी निवासी महिला के साथ साइबर अपराध की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, सोसाइटी में रहने वाली महिला सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय थीं और इंस्टाग्राम के माध्यम से अपनी प्रतिभा और वीडियो कंटेंट लोगों तक पहुंचाती थीं। उनका अकाउंट अचानक कुछ दिन पहले हैक हो गया। शुरूआती तौर पर उन्हें इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि उनके अकाउंट के साथ छेड़छाड़ की जा चुकी है। लेकिन कुछ ही समय बाद उनके प्रोफाइल से आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए जाने लगे।

जैसे ही यह सामग्री इंटरनेट पर फैलनी शुरू हुई, देखते ही देखते वह वायरल हो गई। इसके बाद स्थिति और गंभीर हो गई, जब सोशल मीडिया पर कई लोगों ने उनके खिलाफ अभद्र और अपमानजनक टिप्पणियां करना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार, उन्हें लगातार अश्लील संदेश और धमकियां भी मिल रही हैं, जिससे उनका मानसिक तनाव बढ़ गया है।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच पीड़िता ने अपनी ही सोसाइटी की एक महिला और उसके सहयोगी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यह कोई सामान्य साइबर हमला नहीं, बल्कि पुरानी रंजिश या व्यक्तिगत द्वेष के चलते रची गई सुनियोजित साजिश हो सकती है, जिसका उद्देश्य उनकी छवि को नुकसान पहुंचाना है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी अमित खारी ने पुष्टि की है कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं की गहराई से पड़ताल की जा रही है। इसमें साइबर एक्सपर्ट्स की मदद भी ली जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अकाउंट कैसे हैक हुआ और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा करने की कोशिश की जा रही है ।

# वाहन चोरों का आतंक, 6 बाइक और एक ट्रक चोरी, पुलिस जांच में जुटी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों ने विभिन्न जगहों से 6 मोटरसाईकिल व एक ट्रक चोरी कर लिया। पीड़ितों की शिकायत पर घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि लाल बहादुर नामक शख्स ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खोड़ा कॉलोनी के रहने वाले हैं। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपना ट्रक सेक्टर-57 स्थित एक कंपनी के सामने खड़ी की थी। वहां से अज्ञात चोरों ने ट्रक चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि स्वराज नामक शख्स ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल बुद्ध बाजार सेक्टर- 49 में खड़ी की थी। वहां से अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में रोहन नामक शख्स ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी मोटरसाइकिल बरौला गांव में खड़ी की थी। पीड़ित के अनुसार वहां से अज्ञात बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि अंशुल गौतम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी मोटरसाइकिल अज्ञात बदमाशों ने सेक्टर-43 स्थित एक माल के बाहर से चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में जीतन कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी मोटरसाइकिल सेक्टर-37 पेट्रोल पंप के पास खड़ा की थी। वहां से अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर दोनें घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रमजान और नवरात्र का संगम देश की एकता और भाईचारे का प्रतीक : जाकिर अली सैफी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य मौ० जाकिर अली सैफी ने कहा है कि रमजान और नवरात्र जैसे पवित्र त्योहारों का एक साथ आना भारत की अद्भुत एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और भाईचारे की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि एक ओर मुस्लिम समाज रमजान के दौरान रोजा रखकर खुदा की इबादत करता है, वहीं हिंदू समाज नवरात्र में व्रत रखकर मां दुर्गा की पूजा करता है। ऐसे में जब नवरात्र के बीच ईद का पर्व आता है, तो यह संदेश और भी मजबूत होता है कि भले ही हमारी परंपराएं अलग हों, लेकिन हमारे दिल आपस में जुड़े हुए हैं। जाकिर अली सैफी ने कहा कि भारत की गंगा-जमुनी तहजीब पूरी दुनिया में एक मिसाल है, जहां लोग धर्म से ऊपर उठकर एक-दूसरे के त्योहारों में खुशी-खुशी शामिल होते हैं। कोई सेहरी में साथ देता है तो कोई प्रसाद बांटता है, कोई इफ्तार में शामिल होता है तो कोई कन्या पूजन में—यही आपसी मेलजोल हमारी सामाजिक एकता की असली पहचान है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर हमें यह सिखाते हैं कि सच्चा धर्म इंसानियत, प्रेम और भाईचारा है। जब हम मिलकर त्योहार मनाते हैं, तो न केवल खुशियां बढ़ती हैं बल्कि समाज में शांति और सौहार्द भी मजबूत होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इसी तरह आपसी सम्मान और भाईचारे के साथ त्योहार मनाते रहें और देश की एकता को और मजबूत करें।

# धोखाधड़ी के मामले में फरार भूमाफिया गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने भूखंड के नाम पर धोखाधड़ी कर एक लाख रुपए हड़पने व फर्जी दस्तावेज बनाने वाले पांच भूमाफियाओं के विरुद्ध पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी जिसमें फरार चल रहा एक भूमाफिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 23 जून 2025 को खान बहादुर खां ने थाने में तहरीर दी थी जिसमें उल्लेख किया गया था कि रामपार्क लुतफुल्लापुर नबादा तहसील लोनी में भूखंड के फर्जी दस्ताबेज तैयार कर भूमाफियाओं ने जबरन कब्जा कर लिया और एक लाख रुपए नगद ले लिए जिसमें पांच भूमाफियाओं के नाम मनोज पुत्र प्रहलाद, रिजवान, चेतराम, मोहम्मद कामरान पुत्र नबाब अली, रुपेन्द्र पुत्र चेतराम के नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई थी जिसमें कामरान फरार चल रहा था। पुलिस ने तकनीकी प्रक्रिया व अन्य सूत्रों से रविवार को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

# फ्यूजन होम्स सोसाइटी में जागरूकता कैंप का आयोजन




**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित फ्यूजन होम्स सोसाइटी में रविवार को थाना बिसरख व चेरी काउंटी पुलिस चौकी के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति मिशन एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर कैंप का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड तथा डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। एओए अध्यक्ष अनुभव दुबे ने बताया गया कि सोसाइटी के निवासियों की सुरक्षा और जागरूकता को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय सेंट्रल नोएडा पवन कुमार, बिसरख थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा, महिला उपनिरीक्षक तरुणा सिंह आदि मौजूद रहें।